118. पिंजरा
119. पुनरुक्ति
120. पुनर्रचना
121. पूजनीय
122. प्रक्षेपास्त्र
123. प्रज्वल
124. प्रज्वलित
125. प्रतिष्ठ
126. प्रत्यावर्तन
127. प्रदर्शनी
128. प्रफुल्ल
129. प्राणिवृंद
130. प्रीति
131. प्रेमचंद
132. फ़जूल
133. बरात
134. बहुव्रीहि
135. बीमार
136. बीवी
137. बुझक्कड़
138. ब्रज
139. भर्तृहरि
140. भर्त्सना
141. भागीरथी
142. भुक्खड़
143. भुजंगी
144. मंत्रिमंडल/मंत्रिमण्डल
145. मध्याह्न
146. मन:कामना
147. महत्त्व
148. मारुति
149. माहात्म्य
150. मुमूर्षु
151. मूर्द्धन्य
152. मृणालिनी
153. मेघनाद
154. मैथिलीशरण
155. रचयिता
156. राज्याभिषेक
157. राहुल सांकृत्यायन
158. लब्धप्रतिष्ठ
159. लोकैषणा
160. वाल्मीकि
161. वाह्निनी
162. विद्यार्थिगण
163. विद्युज्ज्योति
164. विभूति
165. विरहिणी
166. विहंगी
167. वैधव्य
168. व्यावहारिक
169. शिर:पीड़ा
170. शुश्रूषा
171. शूपर्णखा
172. श्मशान
173. श्रद्धा
174. श्रुति
175. षष्टम्
176. षष्ठ
177. संन्यास
178. संन्यासिनी
179. संन्यासी
180. सखि
181. सत्त्वगुण
182. सनाथा
183. समुज्ज्वल
184. सम्यग्दर्शन
185. सशंक
186. सांसारिक
187. सात्त्विक

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

188. साप्ताहिक
189. सामर्थ्य
190. साहित्यिक
191. सुरुचि
192. सुलोचना
193. सुषुम्ना
194. सूई
195. सोडा
196. सौन्दर्य
197. सौहार्द
198. स्रष्टा
199. हत्यकंप
200.हथकड़ी
201. हरिण
202.हरीतिमा
203.हिरण्यकशिपु

Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## 2- वाक्य शुद्दिकरण
## (वाक्य की अशुद्धियाँ)

### संज्ञा-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. मैं रविवार **के दिन** तुम्हारे घर आऊँगा।
(मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा।)
2. कुत्ता **रेंकता** है। (कुत्ता भौंकता है।)
3. मुझे सफल होने की **निराशा** है। (आशा नहीं)
4. इस समस्या **की औषध** उसके पास है। (का समाधान)
5. गोलियों की **बाढ़**। (बौछार)
6. फल का अच्छा पका खरीदना चाहिए –
(अच्छा पका फल खरीदना चाहिए।)
7. हम आपकी यह **उक्ति** मानने को तैयार नहीं हैं।
(हम आपका यह कथन मानने के लिए तैयार नहीं हैं।)
8. नेताजी की मृत्यु **क्षोभजनक** है।
(नेताजी की मृत्यु दुःखद है।)
9. उनकी **महिला** भी उनके साथ आयी है।
(उनकी पत्नी भी उनके साथ आयी हैं।)
10. इस यन्त्र की **उत्पत्ति** दो सौ वर्षों पूर्व हुई थी।
(इस यन्त्र का आविष्कार दो सौ वर्षों पूर्व हुआ था।)
11. उन्होंने मुझे ऐसी **सुन्दर** भेंट प्रदान की।
(उन्होंने मुझे अमूल्य भेंट प्रदान की।)
12. आपके रहन सहन का **दरजा** ऊँचा है।
(आपके रहन-सहन का स्तर ऊँचा है।)
13. पाँच टन **कोयले**। (पाँच टन कोयला।)
14. हिन्दी के प्रचार में आज-भी **बड़े-बड़े संकट** हैं।
(बड़ी-बड़ी बाधाएँ)
15. सीता ने गीत की दो-चार **लड़ियाँ** गायीं। (कड़ियाँ)
16. पतिव्रता नारी को छूने का **उत्साह** कौन करेगा। (साहस)
17. आपके प्रश्न का **समाधान** मेरे पास है।
(आपके प्रश्न का उत्तर मेरे पास है।)
18. संगीत की **कसरत** करना लाभदायक होता है।
(संगीत का अभ्यास लाभदायक होता है।)
19. पुस्तक **समर्पण** की। (पुस्तक समर्पित की।)
20. फ़सल **नाश** हो गयी। (फ़सल नष्ट हो गयी।)
21. **गले** मे गुलामी की बेड़ियाँ पड़ी रही। -
(पैरों में गुलामी के बेड़ियाँ पड़ी रही।)
22. वह मेरे **शब्दों** पर ध्यान नहीं देता। (मेरी बात पर)
23. वहाँ रोज जाने मे तुम्हारी क्या **अच्छाई** है।
(वहाँ रोज जाने मे तुम्हारी क्या भलाई है।)
24. वह **आँख से** काना है। - (वह काना है।)
25. आप शनिवार **के दिन** चले जाएं। -
(आप शनिवार को चले जाएं।)
26.अमीरों के पास रुपए की बड़ी **संख्या** होती है –
(अमीरों के पास धन की बड़ी राशि होती है।)
27.मैं शनिवार **के दिन** वहाँ पहुँच रहा हूँ।
(मैं शनिवार को वहाँ पहुँच रहा हूँ।)
28.**उनका** रहन-सहन का स्तर ऊँचा है।
(उनके रहन-सहन का स्तर ऊँचा है।)
29. रनों की **बौछा**र हो रही थी।
(अत्यधिक तीव्रगति में रन बनाये जा रहे थे।)
30. जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली **कथा** चरितार्थ होती है। (कहावत)
31. कंस की **हत्या** कृष्ण ने की थी। -
(कंस का वध कृष्ण ने किया था।)
32. कृषि हमारी व्यवस्था की **रीढ़** है। (का आधार)
33. प्रेम करना तलवार की **नोक** पर चलना है। (धार पर)
34. नगर की सारी **जनसंख्या** भूखी है। (जनता)
35. रति के मन **की थाह** का पता नहीं चलता।
(रति के मन का पता नहीं चलता है।)
अथवा
(रति के रहस्य का पता नहीं चलता।)
36. **सन्तोष** चित्त से।
(सन्तुष्ट चित्त अथवा मन से)
37. मैंने ऐसा करना पहले से **निश्चय** कर रखा था।
(मैंने ऐसा करना पहले से निश्चित कर रखा था।)
38. प्रेम करना तलवार की **नोंक** पर चलना है।
(प्रेम करना तलवार की धार पर चलना है।)
39. सभा में विरोध **प्रकट** किया गया।
(सभा में विरोध किया गया।)
40. तुमने इस पुस्तक का कितना **भाग** पढ लिया। -
(तुमने इस पुस्तक का कितना अंश पढ लिया?)
41. इस शहर के सभी दर्शनीय **स्थान** अच्छे हैं। -
(इस शहर के सभी दर्शनीय स्थल अच्छे हैं।)
42. चिड़िया की **चिंग्घाड़**।
(चिड़िया की चें-चें अथवा चूँ-चूँ।)
43. शरदकालीन **दिनों** में।
(शरद-काल में) अथवा (शरद-ऋतु में)
44. वह **जल से** पौधों की सींचती थी।
(वह पौधों को सींचती थी।)
45. मैं बुद्ध के **सन्देशों** से बहुत प्रभावित हुआ।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

(मैं बुद्ध के सन्देश से बहुत प्रभावित हुआ।)
46. इस विषय **की पूर्ति** कठिन है।
(इस विषय का प्रतिपादन कठिन है।)
47. आपने यहाँ बुलाकर **अशुद्धि** की।
(आपने यहाँ बुलाकर भूल की अथवा ग़लती की।)
48. उन्होंने बीसियों लेखकों **का निर्माण** किये।
(उन्होंने बीसियों लेखकों को तैयार किये।)
49. कुछ **ऐतिहासिकों** का ऐसा भी कहना है।
(कुछ इतिहासकारों का ऐसा भी कहना है।)

## संज्ञा-संबंधी अशुद्धियाँ (उचित एवं अनुचित प्रयोग)

- त्रुटि का सुधार (समाप्ति नहीं)
- नागरी लिपि ( भाषा नहीं)
- हिन्दी – भाषा (लिपि नहीं)
- मिलने की उत्सुकता (बेचैनी नहीं)
- नाम रिक्त करना (नाम काटना नहीं)
- रहन-सहन का स्तर (दर्ज़ा नहीं)
- जल की मात्रा (राशि नहीं)
- गोलियों की बौछार (बाढ़ नहीं)
- भवन का निर्माण (रचना नहीं)
- स्फूर्ति का प्रस्फुटन (निर्माण अथवा अंकुरण नहीं)
- कार्य का सम्पादन (प्रतिपादन नहीं)
- विषय का प्रतिपादन (सम्पादन नहीं)
- समस्या का निराकरण (समाधान नहीं)
- शंका का समाधान (निवारण नहीं)
- पहेली का हल (समाधान नहीं)
- कार्य की समाप्ति (पूर्ति नहीं)
- ग्रन्थ की रचना (निर्माण नहीं)
- चित्र का निर्माण (रचना नहीं)
- व्यवसाय का आधार (व्यवसाय की रीढ़ नहीं)
- अपने पर विश्वास (अपना आत्मविश्वास नहीं)
- कॉपी अथवा परीक्षा-पुस्तिका का परीक्षण (चेकिंग नहीं)
- रोगी का परीक्षण (चेकअप् नहीं)
- जन्मतिथि का आयोजन (जन्मदिन मना नहीं)
- विद्युत् का आपूर्ति भंग (लाइट गयी नहीं)
- विद्युत् का पुनर्आपूर्ति (लाइट आ गयी नहीं)
- धन्यवाद करना (देना नहीं)

## सर्वनाम-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. **मेरे से** कुछ न पूछो। (मुझसे कुछ न पूछो।)
2. मेरे को बाज़ार जाना है। (मुझे बाज़ार जाना है।)
3. उसने कहा कि **मैं** चार भाई हूँ।
(उसने कहा कि हम चार भाई हैं।)
4. तुम और तुम्हारे मित्रों को मैं **ख़ूब** जानता हूँ।
(तुम और तुम्हारे मित्रों को मैं अच्छी तरह जानता हूँ।)
5. **हमारे** माता जी बहुत अच्छे हैं।
(हमारी माता जी बहुत अच्छी हैं।)
6. सब लोग **अपना** काम करो।
(सब लोग अपना-अपना काम करो।)
7. मोहन **और मोहन का पुत्र** व्यस्त है
(मोहन और उसका पुत्र व्यस्त है।)
8. मैं **तेरे को** बता दूँगां (मैं तुझे बता दूँगा।)
9. **मेरे को** कुछ याद नहीं आ रहा।
(मुझे कुछ याद नहीं आ रहा।)
10. कहिए **मेरेसे** क्या काम है?
(कहिए मुझसे क्या काम है।)
11. आप **आपका** काम करो। (अपना)
11. बच्चा और **बच्चे का बाप** जा रहे हैं।
(बच्चा और उसके पिता जी जा रहे हैं।)
12. जिसने परिश्रम किया, **उन्होंने** ही फल पाये।
(जिसने परिश्रम किया, उसने ही फल पाया।)
13. **तुम्हारे** में से कोई क्यों बात करे?
(तुममें से कोई क्यों बात करेगा?)
14. लीजीए, प्याला भर दें।
(लीजिए, आपका प्याला भर देता हूँ।)
15. दिव्य गया और कहा।
(दिव्य गया और उसने कहा।)
16. वह **उसका** चश्मा भूल गया।
(वह अपना चश्मा भूल गया।)
17. **मैंने** नहीं जाना। (मुझे)
18. **आप** जाकर ले लो। (तुम)
19. जो भी इससे भिड़ेगा **जो ही** इसे हरा देगा।
(जो भी इससे भिड़ेगा वही इसे हरा देगा।)
20. उसे **भारी दुख** हुआ। (उसे बहुत दुःख हुआ।)
21. **मेरे से** मत पूछो। (मुझसे)
20. **मेरे को** यह बात पसंद नहीं। (मुझे)
21. दूध में **कौन** पड़ गया है? (दूध में क्या गिर गया है?)
22. जागे वह पाये। (जो जागे, वह पाये।)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

23. तुम **तुम्हारे** घर चले जाओ।
(तुम अपने घर चले जाओ।)
24. **ये** भले आदमी हैं। (यह भले आदमी हैं।)
25. **तेरे को** क्या चाहिए? (तुम्हें क्या चाहिए?)
26. **उन्होंने** के पिता ने कहा। (उनके पिता जी ने कहा।)
27. वह **निज** वहाँ जाना नहीं चाहता।
(वह स्वतः वहाँ नहीं जाना चाहता।)
28. वाक्य और वाक्य के भेद (वाक्य और उसके भेद)
29. डाकुओं का सरदार वह अलीबाबा था।
30. (वह अलीबाबा डाकुओं का सरदार था।)
31. **तुम्हारे से** कोई काम नहीं हो सकता।
(तुमसे कोई काम नहीं हो सकता।)
32. किसी और लड़के को बुलाओ।
(किसी दूसरे लड़के को बुलाओ।)
33. जो सोवेगा **वह** खोवेगा। (सो)
34. **तेरे को** अब जाना चाहिए। (तुझे)
35. **वह सब** भले लोग हैं। (वे)
36. वह मेरा दोस्त है वह मेरे साथ पढ़ता है। -
(वह मेरा दोस्त है जो मेरे साथ पढ़ता है।)
37. मुख्य कहानी तो यहाँ ही से शुरू होती है। -
(मुख्य कहानी तो यहीं से/यहाँ से ही शुरू होती है।)
38. आँख में **कौन** पड़ गया? (क्या)
39. मैं **उन्होंके** पिताजी से जाकर मिला। (उनके)
40. पिताजी ने **मुझसे** कहा। (पिताजी ने मुझे कहा।)

**लिंग संबंधी अशुद्धियाँ**

**लिंग पहचानने के सामान्य नियम एवं उदाहरण**

**पुल्लिंग की पहचान :-**

- कुछ प्राणिवाचक शब्द, जो सदैव पुरुष जाति का बोध कराते हैं; जैसे- बालक, गीदड़, कौआ, कवि, साधु आदि।
- भौगोलिक जल और स्थल आदि अंशों के नाम प्रायः पुल्लिंग होते हैं। जैसे- देश, नगर, रेगिस्तान, द्वीप, पर्वत, समुद्र, सरोवर, पाताल, वायुमण्डल, नभोमण्डल, प्रान्त इत्यादि। (अपवाद- पृथ्वी, झील, घाटी इत्यादि)
- कुछ संज्ञाएँ हमेशा पुल्लिंग रहती है- खटमल, भेड़िया, खरगोश, चीता, मच्छर, पक्षी, आदि।
- मच्छर, गैंडा, कौआ, भालू, तोता, गीदड़, जिराफ, खरगोश, जेबरा आदि सदैव पुल्लिंग होते हैं।
- रत्नों के नाम- नीलम, पुखराज, मूँगा, माणिक्य, पन्ना, मोती, हीरा आदि। (अपवाद- मणि, चुन्नी, लाड़ली इत्यादि)
- फूलों के नाम- गेंदा, मोतिया, कमल, गुलाब आदि।
- वृक्षों, फलों के नाम- अमरुद, केला, शीशम, पीपल, देवदार, चिनार, बरगद, अशोक, पलाश, आम आदि। (अपवाद-लीची, नाशपाती, नारंगी, खिरनी इत्यादि)
- देशों और नगरों के नाम- दिल्ली, लन्दन, चीन, रुस, भारत आदि।
- धातुओं के नाम- सोना, तांबा, पीतल, लोहा, आदि। (अपवाद- चाँदी)
- भारी और बेडौल वस्तुओं- जूता, रस्सा, लोटा ,पहाड़ आदि।
- आकारान्त संज्ञायें- गुस्सा, चश्मा, पैसा, छाता आदि।
- 'दान, खाना, वाला' आदि से अंत होने वाले अधिकतर शब्द पुल्लिंग होते हैं; जैसे- खानदान, पीकदान, दवाखाना, जेलखाना, दूधवाला आदि।
- पर्वतों के नाम- हिमालय, विन्ध्याचल, सतपुड़ा, आल्प्स, यूराल, कंचनजंगा, एवरेस्ट, फूजीयामा आदि।
- देशों के नाम- भारत, चीन, इरान, अमेरिका आदि।
- समय- घंटा, पल, क्षण, मिनट, सेकेंड आदि।
- द्वीप के नाम-- अंडमान-निकोबार, जावा, क्यूबा, न्यू फाउंडलैंड आदि।
- सागर के नाम-- हिंद महासागर, प्रशांत महासागर, अरब सागर आदि।
- दिनों के नाम- सोमवार, मंगलवार, बुधवार, वीरवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार आदि।
- समूहवाचक संज्ञा- मण्डल, समाज, दल, समूह, वर्ग आदि।
- नक्षत्रों, व ग्रहों के नाम- सूर्य, चन्द्र, राहू, शनि, आकाश, बृहस्पति, बुध आदि। (अपवाद- पृथ्वी- स्त्रीलिंग)
- अनाजों के नाम- गेहूँ, बाजरा, चना, जौ आदि। (अपवाद- खेसारी, मक्की, ज्वार, अरहर, मूँग- स्त्रीलिंग)
- महीनो के नाम- फरवरी, मार्च, चैत, वैशाख आदि। (अपवाद- जनवरी, मई, जुलाई-स्त्रीलिंग)
- द्रव पदार्थों के नाम- शरबत, दही, दूध, पानी, तेल, कोयला, पेट्रोल, घी आदि। (अपवाद- चाय, स्याही, शराब, कॉफी, लस्सी, चटनी- स्त्रीलिंग)

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

- वर्णमाला के अक्षर- क्, ख्, ग्, घ्, त्, थ्, अ, आ, उ, ऊ आदि। (अपवाद- इ, ई, ऋ- स्त्रीलिंग)
- शरीर के अंग- हाथ, पैर, गला, अँगूठा, कान, सिर, मस्तक, मुँह, घुटना, हृदय, दाँत आदि। (अपवाद- जीभ, आँख, नाक, कोहनी, कलाई, ठोड़ी, खाल, बाँह, नस, हड्डी, इन्द्रिय, काँख, उँगलियाँ-स्त्रीलिंग)

## स्त्रीलिंग की पहचान

- बोली के नाम - मेवाती, ब्रज, खड़ी बोली, बुंदेली आदि।
- समूहवाचक संज्ञायें- भीड़, कमेटी, सेना, सभा, कक्षा आदि।
- प्राणिवाचक संज्ञा- धाय, सन्तान, सौतन आदि।
- भाषाओं व लिपियों के नाम- देवनागरी, अंग्रेजी, हिंदी, फ्रांसीसी, अरबी, फारसी, जर्मन, बंगाली आदि।
- पुस्तकों के नाम- कुरान, रामायण, गीता आदि।
- नक्षत्र के नाम - अश्विनी, रेवती, मृगशिरा, चित्रा, भरणी, रोहिणी आदि। (अपवाद- अभिजित, पुष्य)
- छोटी और सुन्दर वस्तुओ के नाम- जूती, रस्सी, लुटिया, पहाड़ी आदि।
- तिथियों के नाम- पूर्णिमा, अमावस्था, एकादशी, चतुर्थी, प्रथमा आदि।
- नदियों के नाम- रावी, कावेरी, कृष्णा, यमुना, सतलुज, रावी, व्यास, गोदावरी, झेलम, गंगा आदि। (शोण(सोन), सिन्धु, ब्रह्मपुत्र नद है, अतः पुल्लिंग है)
- कुछ संज्ञाएँ हमेशा स्त्रीलिंग रहती है- मक्खी, कोयल, मछली, तितली, मैना आदि।
- ईकारान्त वाले शब्द- नानी, बेटी, मामी, भाभी आदि।
- आहारों के नाम- सब्जी, दाल, कचौरी, पूरी, रोटी आदि। (अपवाद- हलुआ, अचार, रायता आदि)
- शरीर के कुछ अंगों के नाम भी स्त्रीलिंग होते हैं; जैसे- आँख, नाक, जीभ, पलकें, ठोड़ी आदि।
- कुछ आभूषण और परिधान भी स्त्रीलिंग होते है; जैसे- साड़ी, सलवार, चुन्नी, धोती, टोपी, पैंट, कमीज, पगड़ी, माला, चूड़ी, बिंदी, कंघी, नथ, अँगूठी, हँसुली आदि।
- खाने-पीने की चीजें स्त्रीलिंग है। जैसे- कचौड़ी, पूरी, खीर, दाल, पकौड़ी, रोटी, चपाती, तरकारी, सब्जी, खिचड़ी इत्यादि। (अपवाद- पराठा, हलुआ, भात, दही, रायता इत्यादि)
- कुछ मसाले आदि भी स्त्रीलिंग के अंतर्गत आते हैं; जैसे- दालचीनी, लौंग, हल्दी, मिर्च, धनिया, इलायची, अजवायन, सौंफ, चिरौंजी, चीनी, कलौंजी, चाय, कॉफी आदि। (अपवाद- धनिया, जीरा, गर्म मसाला, नमक, तेजपत्ता, केसर, कपूर इत्यादि)

**विशेष:-** कुछ शब्द ऐसे हैं, जो स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों रूपों में प्रयोग किए जाते है; जैसे- प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, चित्रकार, पत्रकार, डॉक्टर, सेक्रेटरी, गवर्नर, लेक्चर, प्रोफेसर, बर्फ, मेहमान, शिशु, दोस्त, मित्र, प्रबंधक, सभापति, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, वकील आदि।

## लिंग संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. लड़की ने जोर से हँस **दी**। (दिया)
2. दंगे में बालक, युवा, नर-नारी सब **पकड़ी गयीं**। (पकड़े गये)
3. उसने **संतोष का** साँस ली। (उसने चैन की साँस ली।)
4. परीक्षा की प्रणाली **बदलना** चाहिए। (बदलनी)
5. हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर **दिया गया**। (दी गयी)
6. यह दही **मीठी** है। (दही मीठा है।)
7. आज तुमने नया पोशाक पहना है। (तुमने नई पोशाक पहनी है।)
8. मुझे आदेश **दी**। (मुझे आदेश किया।)
9. हमारी प्रदेश की जनता शांत है। (हमारे प्रदेश की जनता शांत है।)
10. देश **की** सम्मान की रक्षा करो। (के)
11. राम और सीता वन को गई। (राम और सीता वन को गए।)
12. अरावली विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत है। (अरावली विश्व का सबसे प्राचीन पर्वत है।)
13. गाँव में एक कन्या विद्यालय खुलेगी। (गाँव में एक कन्या विद्यालय खुलेगा।)
14. उन्होनें बन्दुक चलाना सीख रखी है। (उन्होंने बन्दूक चलाना सीख रखा है।)
15. दही **खट्टी** है। (दही खट्टा है।)
16. मुझे मजा **आती** है। (आता)
17. मुझे बहुत आनंद आती है। (मुझे बहुत आनंद आता है।)
18. वह धीमी स्वर में बोला। (वह धीमे स्वर में बोला।)
19. रामायण **का** टीका। (की)
20. मुझे तुम्हारा बातें सुनना पड़ा।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

(मुझे तुम्हारी बातें सुननी पड़ी।)
21. कल मैंने नया पुस्तक ख़रीदा।
(कल मैंने नई पुस्तक खरीदी।)

## विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. जीवन और साहित्य का **घोर** संबंध है। (घनिष्ठ)
2. दूध का अभाव **चिन्तनीय** है। (चिन्ताजनक)
3. इस **वीरान** जीवन में। (नीरस)
4. उसकी **बहुत** हानि हुई। (बड़ी)
5. राजेश **अग्रिम** बुधवार को आएगा। (आगामी)
6. हमने शिक्षा उपमंत्री से भेंट की।
(मैंने उप-शिक्षामन्त्री से)
7. मुझे एक फलों का विक्रेता प्रतिदिन फल देता है।
(फलों का एक विक्रेता)
8. उसने उनके गले में एक गेंदे की माला पहनायी।
(गेंदे की एक माला)
9. दिनभर वह **कड़े परिश्रम** करता है। (कड़ा परिश्रम)
10. उसने **धीरे** स्वर में कहा। (धीमे)
11. यह एक **गहरी** समस्या है। (गंभीर)
12. वहाँ **भारी भरकम** भीड़ जमा थी। (बहुत या बहुत भारी)
13. इसका **कोई** अर्थ नहीं है। (कुछ भी)
14. मुझे **बड़ी** भूख लगी है। (बहुत)
15. उसे **भारी** प्यास लगी है। (बहुत)
16. यह चित्र बड़ा सुन्दर है। (यह चित्र बहुत सुन्दर है।)
17. उसके अच्छापन का अच्छा प्रभाव पड़ा
(उसके अच्छेपन का गहरा प्रभाव पड़ा)
18. आज भी वह वैसा का वैसा है।
(आज भी वह वैसे-का-वैसा है।)
19.सबों ने यह राय दी।
(सब ने अथवा सभी ने यह राय प्रकट की।)
20. उसने कितने वीरता से भरे हुए गाने सुनाये।
(उसने वीरता से भरे हुए कई गीत सुनाये।)

## क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ

(शुद्ध क्रिया के प्रयोग के उदाहरण)

| कर्त्ता | क्रिया |
|---|---|
| धन्यवाद | किया जाता है। |
| मत | दिया जाता है। |
| मतदान | किया जाता है। |
| उत्तर पुस्तिका | परीक्षण किया जाता है। |
| भाषण | किया जाता है। |
| व्याख्यान | किया जाता है। |
| आदेश/निर्देश | किया जाता है। |
| हवा | बहती है। |
| दाल | चुरती है। |
| खीर | पकती है। |
| हाथ | टूटता है। |
| आँख | फूटती है। |
| तूफ़ान | आता है। |
| पानी | बरसता है। |
| बादल | गरजते हैं। |
| दूध | जमाया जाता है। |
| अभियोग | लगाया जाता है। |
| काग़ज़ | फटता है। |
| दूध | उबलता है। |
| पानी | खौलता है। |
| कष्ट | भोगा जाता है। |
| तकलीफ़ | उठायी जाती है। |
| लड़ाई | लड़ी जाती है। |
| युद्ध | किया जाता है। |
| गाड़ी | खींची जाती है। |
| लाठी | तानी जाती है। |
| कील | ठोकी जाती है। |
| अँगूठी में नगीना | जड़ा जाता है। |
| दरज़ी कपड़े | सिलता है। |
| जुलाहा कपड़े | बुनता है। |
| कविता | रची जाती है। |
| मकान (भवन) | बनाया जाता है। |

## क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| दान दिया। | दान किया। |
| युद्ध लड़ना। | युद्ध होना (करना)। |
| संकल्प लेना। | संकल्प करना। |
| शिक्षा ले रहे हैं। | शिक्षा पा रहे हैं। |
| दुराव समझना। | दुराव करना। |
| प्रतीक्षा देखना। | प्रतीक्षा करना। |
| निराशा देना। | निराश करना। |
| स्मरण दिलाना। | स्मरण कराना। |
| प्रयोग होना। | प्रयोग करना। |
| हँस आया। | हँस पड़ा। |
| घबरा आया। | घबरा गया। |
| रो आया। | रो पड़ा। |

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | |
|---|---|
| दौरा आता है। | दौरा पड़ता है। |
| ऊब आना। | ऊब जाना। |
| प्रश्न पूछना। | प्रश्न करना। |
| राग गाना। | राग बजाना। |
| युद्ध फैलना। | युद्ध भड़कना। |
| अभियोग चलना। | अभियोग लगाना। |
| शपथ लेना। | शपथ खाना। |
| आटा गूँथना। | आटा गूँधना। |
| माला गूँधना। | माला गूँथना। |
| शराब छानना। | शराब ढालना। |
| भाँग ढालना। | भाँग छानना। |
| तकलीफ़ भोगना। | तकलीफ़ उठाना। |
| गाना गाना। | गीत गाना। |

## क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध - शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. उपस्थित लोगों ने संकल्प **लिया**। (किया)
2. क्या यह संभव **हो सकता** है ? (क्या यह संभव है?)
3. मैं दर्शन देने आया था। (मैं दर्शन करने आया था।)
4. हमें यह सावधानी **लेनी** होगी। (बरतनी)
5. यहाँ अशोभनीय वातावरण उपस्थित है।
(यहाँ अशोभनीय वातावरण है।)
6. उसने मेरा गाना और घर देखा।
(उसने मेरा गाना सुना और घर देखा।)
7. वह लड़का मोटर **हाँक** सकता है। (चला)
8. राम और सीता वन को गई। (वन को गए।)
9. उनकी बातें सुनते- सुनते कान पक गया।
(कान पक गए।)
10. तुम क्या काम करता है?
(तुम क्या काम करते हो?)
11. वह कुरता **डालकर** गया है। (पहनकर)
12. उसने शीशा तोड़ा और भाग गया।
(वह शीशा तोड़कर भाग गया।)
13. पगड़ी **ओढ़कर** आओ। - (बाँधकर)
14. वह यहाँ आए बिना ही नहीं रह सकता है।
(वह यहाँ आए बिना नहीं रह सकता है।)
15. वह कमीज डालकर सो गया।
(वह कमीज पहनकर सो गया।)
16. छोटी उम्र शिक्षा **लेने** के लिए है। (पाने)
17. वहाँ घना अँधेरा **घिरा** था। (छाया)
18. वह पढ़ना माँगता है। (वह पढ़ना चाहता है।)
19. बस तुम इतने रुठ उठे। (बस, तुम इतने में रुठ गए।)
20. अपना हस्ताक्षर **लगा** दो। (कर दो)
21. युग की माँग का यह बीडा कौन **चबाता** है।
(युग की माँग का यह बीड़ा कौन उठाता है।)
22. वे दस-बारह पशु **उठा** ले गए। (हाँक)
23. राजा के दो पुत्र और दो पुत्रियाँ **थे**।
(राजा के दो पुत्र और दो पुत्रियाँ थी।)
24. उसने गुरु जी **को बताया** कि वे उसे माफ कर दें।
(उसने गुरु जी से निवेदन किया कि आप मुझे माफ कर दें।)
25. राधा ने माला **गूँध** ली। (गूँथ)
26. मेरी बहन दिल्ली से वापस **आया** है।
(मेरी बहन दिल्ली से वापस आई है।)

## अव्यय/क्रिया-विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. तुम **बड़ा** आगे बढ़ **गया**। (तुम बहुत आगे बढ़ गए।)
2. इस पर्वतीय क्षेत्र में **सर्वस्व** शांति है।
(इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वत्र शांति है।)
3. वह **लगभग** दौड़ रहा था। (वह दौड़ रहा था।)
4. सारी रात **भर** मैं जागता रहा।
(मैं सारी रात जागता रहा।)
5. राम ने **बड़ी** मेहनत की और वह सफल हुआ।
(राम ने बहुत मेहनत की और वह सफल हुआ।)
6. **शनैः** उसको सफलता मिलने लगी। (शनैः-शनैः)
7. **आसानीपूर्वक** यह काम कर लिया। (आसानी से)
8. **एकमात्र** दो उपाय है। (केवल)
9. यह पत्र आपके **अनुसार** है। (अनुरूप)
10. यह बात कदापि **भी** सत्य नहीं हो सकती। (कदापि)
11. यद्यपि वह पढ़ा-लिखा है, **फिर भी** नासमझ है।
(यद्यपि वह पढ़ा-लिखा है तथापि नासमझ है।)
12. वह प्रायः **बार-बार** ऐसा करता है।
(वह प्रायः ऐसा ही करता है।)
13. सारे देश **भर** में अकाल है। (सारे देश में)
14. मैं पहुँचा ही था **जब** कि वह आ गया। (कि)
15. शायद आज वह **अवश्य** आएगा।
(शायद आज वह आएगा)
16. वह **केवल** इसलिए यहाँ रहता है।
(वह इसलिए यहाँ रहता है।)
17. पुस्तक **विद्वतापूर्ण** लिखी गयी है। (विद्वतापूर्वक)
18. यद्यपि वह बीमार था **परन्तु** वह स्कूल गया। (तथापि)
19. वह अत्यन्त **ही** सुन्दर है। (अत्यन्त)

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

## पदक्रम-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. कई कचहरी के वकील ऐसा कहते हैं।
(कचहरी के कई वकील ऐसा कहते हैं।)
2. कई बैंक के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।
(बैंक के कई कर्मचारियों)
3. आप जाएँगे क्या ? (क्या आप जाएँगे?)
4. बच्चे को छीलकर केला खिलाओ।
(केला छीलकर बच्चे को खिलाओ।)
5. विदेश बहुत से भारत के वैज्ञानिक गए है।
(भारत के बहुत से वैज्ञानिक विदेश गए हैं।)
6. शुद्ध गाय का दूध लाओ।
(गाय का शुद्ध दूध लाओ।)
7. छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक फूलों की माला पहनाई।
(फूलों की एक माला)
8. भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे।
(पटना के चार व्यक्ति)

## आवश्यक/अनावश्यक क्रिया पद के प्रयोग संबंधी अशुद्धियाँ

1. वह तो खाना और चाय पीकर सो गया।
(वह तो खाना खाकर और चाय पीकर सो गया।)
2. वह सिलाई और अंग्रेजी पढ़ती है।
(वह सिलाई सीखती है और अंग्रेजी पढ़ती है।)
3. कृपया तीन दिन का अवकाश स्वीकृत करने की कृपा करें।
(कृपया तीन दिन का अवकाश स्वीकृत करें।)
4. प्राचार्य की बात को मान लो।
(प्राचार्य की बात मान लो।)
5. सब्जी को खूब पका कर खाना चाहिए।
(सब्जी खूब पका कर खानी चाहिए।)
6. साहित्य मेले मे शेक्सपीयर की धूम रही।
(साहित्य मेले में शेक्सपीयर के नाटकों की धूम रही।)
7. उन्होनें मुझे आशीर्वाद दिया।
(उन्होनें मुझे आशीर्वाद प्रदान किया।)
8. कृष्णा पूनिया को भारत सरकार ने पद्म श्री दिया।
(कृष्णा पूनिया को भारत सरकार ने पद्म श्री से सम्मानित किया।)
9. मेरा सामान राजू के हाथों से भिजवा देना।
(मेरा सामान राजू के हाथों भिजवा देना।)
10. यहाँ अशोभनीय वातावरण उपस्थित है।
(यहाँ अशोभनीय वातावरण है।)
11. वह सचमुच में बदल गया। (वह सच में बदल गया।)
12. अब और स्पष्टीकरण करने की आवश्यकता नहीं है।
(अब और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।)

## अनुपयुक्त क्रिया पद संबंधी अशुद्धियाँ

1. उसने जैसी करी है, मैं नहीं कर सकता।
(उसने जैसा किया है, मैं नहीं कर सकता।)
2. मैं माताजी को खाना डालकर / देकर आई।
(मैं माताजी को खाना परोसकर आई।)

अनुपयुक्त क्रिया पद (शुद्ध-अशुद्ध उदाहरण)-

- प्रयोग होना। (प्रयोग करना। )
- खबर सुनकर मैं विस्मय हो गया। (खबर सुनकर मैं विस्मित हो गया।)
- प्रश्न पूछना। (प्रश्न करना।)
- वह खाना खावेगा। (खाना खायेगा।)
- दान दिया। (दान किया।)
- प्रतीक्षा देखना। (प्रतीक्षा करना।)

## द्विरुक्ति/पुनरुक्ति-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. राजस्थान का अधिकांश **भाग** रेतीला है।
(अधिकांश/अधिक भाग)
2. वे परस्पर एक दूसरे से उलझ पड़े।
(परस्पर/एक दूसरे से)
3. नौजवान युवकों को दहेज प्रथा का विरोध करना चाहिए।
(नौजवानों/युवकों)
4. आपका भवदीय। (आपका/भवदीय)
5. मुख़्तसर **में** 'गोदान' ग्रामीण जीवन का महाकाव्य है।
(मुख़्तसर 'गोदान' ग्रामीण जीवन का महाकाव्य है।)
6. मेरे मना करने के बावजूद **भी** वह चला गया। (बावजूद)
7. मध्यकालीन **युग** में कलाओं की बहुत उन्नति हुई।
(मध्यकाल/मध्ययुग)
8. यौवनावस्था की बुराइयों से बचो।
(यौवन/युवा अवस्था)
9. साहित्य के क्षेत्र में महिला लेखिकाओं की संख्या कम है।
(लेखिकाओं/महिला लेखकों)
10. वह अभी शैशव अवस्था में है। (शैशव/शिशु अवस्था)

## अधिकपदत्व-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्धियाँ रेखांकित है-जिन्हें प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए)

1. सीता नित्य गीता <u>को</u> पढ़ती है।
2. मानव ईश्वर की <u>सबसे</u> उत्कृष्टतम कृति है।
3. उसने <u>गुप्त</u> रहस्य प्रकट कर दिये।
4. माली <u>जल से</u> पौधों को सींच रहा था।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

5. हीन भावना से ग्रस्त मोहन अपने को दुनिया का <u>सबसे</u> निकृष्टतम व्यक्ति समझता है।

### शब्द-ज्ञान-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

1. धनीराम की **सौभाग्यवती** पुत्री का विवाह कल होगा। (सौभाग्यकांक्षिणी)
2. **कर्मवान** व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। (कर्मवीर)
3. चिड़ियाँ गा रही है। (चहक)
4. वह नित्य गाने की **कसरत** करता है। (का अभ्यास/का रियाज)
5. सोहन नित्य दण्ड **मारता** है। (पेलता)
6. इस समय सीता की **आयु** सोलह वर्ष है। (उम्र/अवस्था)
7. बाण बड़ा उपयोगी **शस्त्र** है। (अस्त्र)
8. लाठी बड़ा उपयोगी **अस्त्र** है। (शस्त्र)

### मुहावरे-संबंधी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

अशुद्ध - वह श्याम पर बरस गया।
शुद्ध - वह श्याम पर बरस पड़ा।
अशुद्ध -उसकी अक्ल चक्कर खा गई।
शुद्ध - उसकी अक्ल चकरा गई।
अशुद्ध -युग की माँग का यह बीड़ा कौन चबाता है।
शुद्ध - युग की माँग का यह बीड़ा कौन उठाता है।
अशुद्ध -उस पर घड़ों पानी गिर गया।
शुद्ध- उस पर घड़ों पानी पड़ गया।

### विराम-चिह्नों की अशुद्धियों से संबंधित उदाहरण

अशुद्ध -हे राम, तुम मेरा दुःख दूर करो।
शुद्ध- हे राम! तुम मेरा दुःख दूर करो।
अशुद्ध-अरे यह तो रातो-रात कमाल हो गया।
शुद्ध- अरे ! यह तो रातो- रात कमाल हो गया।
अशुद्ध - वाह कितना सुन्दर दृश्य है।
शुद्ध- वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है।

**विस्मय बोधक चिन्ह (!) का प्रयोग-**विस्मयबोधक चिह्न का प्रयोग विस्मय, हर्ष, उल्लास, आश्चर्य, विषाद, घृणा, भय, करुणा इत्यादि के भाव को प्रकट करने के लिए किया जाता है।

उदाहरण-

- वाह ! आप यहाँ कैसे पधारे ?
- हाय ! बेचारा व्यर्थ में मारा गया।

### परसर्ग (कारक) सम्बन्धी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

अशुद्ध -मैं पैन के साथ लिखता हूँ।
शुद्ध-मैं पैन से लिखता हूँ।
अशुद्ध- राम ने राक्षसों मारा।
शुद्ध-राम ने राक्षसों को मारा।
अशुद्ध- पुलिस डण्डे में मारती है।
शुद्ध-पुलिस डण्डे से मारती है।
अशुद्ध- श्याम मक्खन को रो रहा है।
शुद्ध-श्याम मक्खन के लिए रो रहा है।
अशुद्ध- शिष्य गुरु से आदर करता है।
शुद्ध-शिष्य गुरु का आदर करता है।
अशुद्ध- वह छत में बैठा है।
शुद्ध-वह छत पर बैठा है।
अशुद्ध- बैंक के रुपये लाओ।
शुद्ध-बैंक से रुपये लाओ।
अशुद्ध- सूर्य पश्चिम पर अस्त होता है।
शुद्ध-सूर्य पश्चिम में अस्त होता है।
अशुद्ध- तेरे को आज पढ़ने जाना है।
शुद्ध- तुझे आज पढ़ने जाना है।
अशुद्ध-तुलसी की कविता के अन्दर भक्ति है।
शुद्ध- तुलसी की कविता में भक्ति है।

### प्रत्यय सम्बन्धी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

अशुद्ध-आपकी सौजन्यता बनी रहेगी।
शुद्ध-आपका सौजन्य बना रहेगा।
अशुद्ध-पूज्यनीय पिताजी आगरा गये हैं।
शुद्ध-पूज्य पिताजी आगरा गये हैं।
अशुद्ध- इस कार्य से आपकी महत्त्वता कम हो जायेगा।
शुद्ध-इस कार्य से आपका महत्त्व कम हो जायेगा।
अशुद्ध-श्याम राजनीतिक शास्त्र का विद्यार्थी है।
शुद्ध-श्याम राजनीति-शास्त्र का विद्यार्थी है।
अशुद्ध-पूजा में आलस्यता ठीक नहीं है।
शुद्ध-पूजा में आलस्य ठीक नहीं है।
अशुद्ध-समाज में ऐक्यता का प्रत्यन करना चाहिए।
शुद्ध-समाज में एकता का प्रयत्न करना चाहिए।
अशुद्ध-आपकी वाणी में माधुर्यता है।
शुद्ध-आपकी वाणी में माधुर्य है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

अशुद्ध-राजनीति वैमन्स्यता बढ़ाती है।
शुद्ध-राजनीति वैमनस्य बढ़ाती है।

## वचन सम्बन्धी अशुद्धियाँ

(अशुद्ध एवं शुद्ध वाक्य के उदाहरण)

| अशुद्ध वाक्य | अशुद्ध के स्थान पर शुद्ध शब्द |
|---|---|
| सीमा पाँच **बहन** हैं। | (बहिनें) |
| राम सभी के पूज्य **था**। | (थे) |
| आप कब **आया**। | (आये) |
| एक और एक ग्यारह **होता है**। | (होते हैं) |
| उसने दाल-भात **खाये**। | (खाया) |
| सोने आजकल **महँगे** हैं। | (सोना, महँगा) |
| **भौंरा** फूलों पर मंडरा रहे हैं। | (भौंरे) |
| **वृक्षों** पर मोर **बैठा** है। | (बैठे अथवा वृक्ष) |
| यह काम चार **आदमी** का है। | (आदमियों) |
| जिसे हम कहें, **उन्हें** पकड़ो। | (उसे) |
| **आँसू** से मेरी कमीज भीग गयी। | (आँसुओं) |

बहुत से **देश** में गरीबी हमारे यहाँ से अधिक है। (देशों)

## शुद्ध -अशुद्ध वाक्यों के 500 उदाहरण

अशुद्ध – वह सकुशल सहित अपने घर में पहुँच गया।
शुद्ध – वह सकुशल अपने घर पहुँच गया।
अशुद्ध – सिंह बड़ा बीभत्स होता है।
शुद्ध – सिंह बड़ा भयानक होता है।
अशुद्ध – लिखने से शुद्धता बरतो।
शुद्ध – लिखने में शुद्धता बरतो।
अशुद्ध – राधा एक विधवा स्त्री है।
शुद्ध – राधा एक विधवा है।
अशुद्ध – कृष्णा पिताम्बर धारण करते थे।
शुद्ध – कृष्ण पीताम्बर धारण करते थे।
अशुद्ध – पुस्तक को जहाँ से उठाओ वहीं रख दो।
शुद्ध – पुस्तक जहाँ से उठाओ, वहीं रख दो।
अशुद्ध – हम अपने पिता के सबसे बड़े लड़के हैं।
शुद्ध – मैं अपने पिता का सबसे बड़ा पुत्र हूँ।
अशुद्ध – मैं मेरी कलम से लिखता हूँ।
शुद्ध – मैं अपनी क़लम से लिखता हूँ।
अशुद्ध – भारत में कितने असंख्य लोग दुखी हैं।
शुद्ध – भारत में असंख्य लोग दुखी हैं।
अशुद्ध – बहुत से फ्रांस के कलाकार भारत आये।
शुद्ध – फ्रांस के बहुत से कलाकार भारत आये।
अशुद्ध – उसके पास एक मोती का हार है।
शुद्ध – उसके पास मोती का एक हार है।
अशुद्ध – मेरी सफलता आपकी कृपा पर निर्भर करती है।
शुद्ध – मेरी सफलता आपकी कृपा पर निर्भर है।
अशुद्ध – प्रजातंत्र की महत्त्वता स्वयंसिद्ध है।
शुद्ध – प्रजातंत्र का महत्त्व स्वयंसिद्ध है।
अशुद्ध – एक स्वतंत्र राष्ट्र किसी को भी राजनैतिक शरण दे सकता है।
शुद्ध – एक स्वतंत्र राष्ट्र किसी को भी राजनीतिक शरण दे सकता है।
अशुद्ध – रावण बहुत बुरा दुराचारी था।
शुद्ध – रावण बहुत दुराचारी था।
अशुद्ध – मैं आज भारी दुखी हूँ।
शुद्ध – मैं आज बहुत दुखी हूँ।
अशुद्ध – <u>नई</u> कविता समझ में नहीं आती।
शुद्ध – नयी कविता समझ में नहीं आती।
अशुद्ध – सीता के <u>लिये</u> आम लाओ।
शुद्ध – सीता के लिए आम लाओ।
अशुद्ध – सीता ने चार आम <u>लिए</u>।
शुद्ध – सीता ने चार आम लिये।
अशुद्ध - तुम्हारे को पुस्तकें पढनी चाहिए।
शुद्ध - तुम्हें पुस्तकें पढ़नी चाहिए।
अशुद्ध – यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।
शुद्ध – यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
अशुद्ध – कृपया करके मुझे अन्दर आने दें।
शुद्ध – कृपया मुझे अन्दर आने दें।
अशुद्ध – राम अनेकों भाषाएँ जानता है।
शुद्ध – राम अनेक भाषाएँ जानता है।
अशुद्ध – यह मीनार बहुत लम्बी है।
शुद्ध – यह मीनार बहुत ऊँची है।
अशुद्ध वाक्य – वह आदमी बहुत चौड़ा है।
शुद्ध वाक्य – वह आदमी बहुत मोटा है।
अशुद्ध वाक्य – मैं दर्शन देने आया था।
शुद्ध वाक्य – मैं दर्शन करने आया था।
अशुद्ध वाक्य – वह पढ़ना माँगता है।
शुद्ध वाक्य – वह पढ़ना चाहता है।
अशुद्ध वाक्य – मनोज कार्य ढोता है।
शुद्ध वाक्य – मनोज कार्य करता है।
अशुद्ध वाक्य – इतने में हल्की-सी हवा का झोका आया।
शुद्ध वाक्य – इतने में हवा का हल्का झोंका आया।
अशुद्ध वाक्य – साहित्य और जीवन का घोर सम्बन्ध है।
शुद्ध वाक्य – साहित्य और जीवन का घनिष्ठ सम्बन्ध है।
अशुद्ध वाक्य – समाज के भिखारियों से कृपा करनी चाहिए।

GET IT ON Google Play
Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

शुद्ध वाक्य – समाज के भिखारियों पर कृपा करनी चाहिए।
अशुद्ध वाक्य – अच्छे कार्य में अनेकों संकट आते हैं।
शुद्ध वाक्य – अच्छे कार्य में अनेक संकट आते हैं।
अशुद्ध वाक्य – यह पौधशाला सुन्दर है।
शुद्ध वाक्य - यह बगीचा सुन्दर है।
अशुद्ध वाक्य – कुत्ता गुर्राता है।
शुद्ध वाक्य – कुत्ता भौंकता है।
अशुद्ध वाक्य – मैं रविवार के दिन तुम्हारे घर जाऊँगा।
शुद्ध वाक्य – मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा।
अशुद्ध वाक्य – ताज महल भव्यइमारत है।
शुद्ध वाक्य – ताजमहल भव्य इमारत है।
अशुद्ध – राम और लक्ष्मण की जन्म अयोध्या में हुए थे।
शुद्ध – राम और लक्ष्मण का जन्म अयोध्या में हुआ था।
अशुद्ध – तुम कौन से गाँव से आये हो?
शुद्ध – तुम किस गाँव से आये हो?
अशुद्ध – मैंने कानपुर जाना है।
शुद्ध – मुझे कानपुर जाना है।
अशुद्ध – ताजमहल का शान निराली है।
शुद्ध – ताजमहल की शान निराली है।
अशुद्ध – आँखों से आँसू निकल पड़ा।
शुद्ध – आँखों से आँसू निकल पड़े।
अशुद्ध – हवन सामग्री जल गया।
शुद्ध – हवन-सामग्री जल गयी।
अशुद्ध – वहाँ अनेकों लोग थे।
शुद्ध – वहाँ अनेक लोग थे।
अशुद्ध – उसे कह दो कि भाग जाय।
शुद्ध – उससे कह दो कि भाग जाय।
अशुद्ध – आपकी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।
शुद्ध – आपकी आयुष्मती (सौभाग्यकांक्षिणी) कन्या का विवाह होने जा रहा है।
अशुद्ध – मैंने तुमको अनेकों को बार कहा है।
शुद्ध – मैंने तुमको अनेक बार कहा है।
अशुद्ध – तुम मोहन को देखे हो।
शुद्ध – तुमने मोहन को देखा है?
अशुद्ध – बच्चों पर गुस्सा न करो।
शुद्ध – बच्चों से ग़ुस्सा मत करो।
अशुद्ध – वह पेड़ पर नीचे गिरा।
शुद्ध – वह पेड़ से नीचे गिरा।
अशुद्ध – वह स्त्री अपराधी है।
शुद्ध – वह स्त्री अपराधिनी है। अथवा वह अपराधिनी है।
अशुद्ध – डाकुओं की मण्डली कल रात इधर से ही गुजरी थी।
शुद्ध – डाकुओं की टोली कल रात इधर से ही गुज़री थी।
अशुद्ध – कुछ दिनों में आपके द्वारा लगाया गया यह पौधा बड़ा विशाल वृक्ष बन जायेगा।
शुद्ध – कुछ दिनों में आप द्वारा लगाया गया यह पौधा विशाल वृक्ष बन जायेगा।
अशुद्ध – आपने मुझे नौकरी दी, मैं आजीवन कृतघ्न रहूँगा।
शुद्ध – आपने मुझे नौकरी दी, मैं आजीवन कृतज्ञ रहूँगा।
अशुद्ध – कामायनी के लेखक जयशंकर प्रसाद है।
शुद्ध – 'कामायनी' के लेखक जयशंकर प्रसाद हैं।
अशुद्ध – राम और श्याम एक-दूसरे से परस्पर झगड़ते रहते हैं।
शुद्ध – राम और श्याम एक-दूसरे से झगड़ते रहते हैं।
अशुद्ध – उपरोक्त कथन उचित नहीं है।
शुद्ध – उपर्युक्त कथन उचित नहीं है।
अशुद्ध - लड़कों को कपड़े साफ करना है।
शुद्ध – लड़कों को कपड़े साफ करने हैं।
अशुद्ध – राम को चित्रकला सीखना है।
शुद्ध – राम को चित्रकला सीखनी है।
अशुद्ध – बच्चों को बड़ों की आज्ञा मानना चाहिए।
शुद्ध – बच्चों को बड़ों की आज्ञा माननी चाहिए।
अशुद्ध – पेड़ों को काटा गया।
शुद्ध – पेड़ काटे गये।
अशुद्ध – बच्चों , एक कहानी सुनो।
शुद्ध – बच्चों ! एक कहानी सुनो।
अशुद्ध – हे कवियों, अब नयी कविता करो?
शुद्ध – हे कवियों ! अब नयी कविता करो।
अशुद्ध – तुम्हारे दादे का क्य नाम है?
शुद्ध – तुम्हारे दादा का क्या नाम है?
अशुद्ध – धुआँ का रंग काला होता है।
शुद्ध – धुएँ का रंग काला होता है।
अशुद्ध – राम की सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने वाला है।
शुद्ध – राम की आयुष्मती कन्या का विवाह होने वाला है।
अशुद्ध – एक विश्वविद्यालय का कर्मचारी गिरफ्तार हो गया।
शुद्ध – विश्वविद्यालय का एक कर्मचारी गिरफ्तार हो गया।
अशुद्ध – सचिव ने अध्यक्ष के गले में एक गुलाब के फूलों की माला पहनाई।
शुद्ध – सचिव ने अध्यक्ष के गले में गुलाब के फूलों की एक माला पहनाई।
अशुद्ध – छात्रों ने प्रधानाचार्य को अभिनन्दन-पत्र प्रदान किया।
शुद्ध – छात्रों ने प्रधानाचार्य को अभिनन्दन-पत्र अर्पित किया।
अशुद्ध रूप – उसने पेंसिल, दरी, पंखा तथा किताबें खरीदें।
शुद्ध रूप – उसने पेंसिल, दरी, पंखा तथा किताबें खरीदीं।
अशुद्ध रूप – डाकू को देखकर मेरा प्राण सूख गया।
शुद्ध रूप – डाकू को देखकर मेरे प्राण सूख गये।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

अशुद्ध रूप – मित्र को देखकर राम खुशी हुआ।
शुद्ध रूप – मित्र को देखकर राम बहुत खुश हुआ।
अशुद्ध रूप – गाड़ी को खड़ी कर दी।
शुद्ध रूप – गाड़ी को खड़ा कर दिया ।
अशुद्ध रूप – तुमने पढ़ना-लिखना सम्भव नहीं हो सकेगा।
शुद्ध रूप – तुमसे पढ़ना-लिखना सम्भव नहीं हो सकेगा।
अशुद्ध रूप – शैव्या पुत्रशोक में विलाप कर रोने लगीं।
शुद्ध रूप – शैव्या पुत्र-शोक में विलाप करने लगीं।
अशुद्ध रूप – कल प्रातःकाल के समय वहाँ जाऊँगा।
शुद्ध रूप – कल प्रातःकाल वहाँ जाऊँगा।
अशुद्ध रूप – जज ने खूनी को मृत्युदण्ड की सजा दी।
शुद्ध रूप – जज ने खूनी को मृत्युदण्ड दिया।
अशुद्ध – यह कार्य आप पर निर्भर करता है।
शुद्ध – यह कार्य आप पर निर्भर है।
अशुद्ध – आपके एक-एक वाक्य तुले हुए हैं।
शुद्ध – आपका एक-एक वाक्य तुला हुआ है।
अशुद्ध – मैं आपका दर्शन करने गया।
शुद्ध – मैं आपके दर्शन करने गया।
अशुद्ध – शेर को देखकर उसका प्राण सूख गया।
शुद्ध – शेर को देखकर उसके प्राण सूख गये।
अशुद्ध – मैं अगले साल यहाँ पढ़ता था।
शुद्ध – मैं पिछले साल यहाँ पढ़ता था।
अशुद्ध – मैं इस वर्ष परीक्षा दिया हूँ।
शुद्ध – मैंने इस वर्ष परीक्षा दी है।
अशुद्ध – वह काहे को आया है।
शुद्ध – वह क्यों आया है?
अशुद्ध – वह अपना काम स्वयं अपने-आप करता है।
शुद्ध – वह अपना काम स्वयं करता है।
अशुद्ध – राज्य उसके लिए एक थाती थी।
शुद्ध – राज्य उसके लिए थाती था।
अशुद्ध – तरूण नवयुवक उत्साही होते हैं।
शुद्ध – नवयुवक उत्साही होते हैं।
अशुद्ध – गांधी जी चरखा कातते थे।
शुद्ध – गांधी जी चरखा चलाते थे।
अशुद्ध – उनके हाथों में बेड़ियाँ पड़ीं थीं।
शुद्ध – उनके पैरों में बेड़ियाँ पड़ीं थी।
अशुद्ध वाक्य –काले धन को वापस लाकर सरकार ने बुद्धिमानता का कार्य किया है।
शुद्ध वाक्य –काले धन को वापस लाकर सरकार ने बुद्धिमानी का कार्य किया है।
अशुद्ध वाक्य –मान्यनीय प्रधानमंत्री जी आज लखनऊ आयेंगे।
शुद्ध वाक्य – माननीय प्रधानमंत्री जी आज लखनऊ आयेंगे।
अशुद्ध वाक्य – मुझे मेरे घर जाना है।
शुद्ध वाक्य – मुझे अपने घर जाना है।
अशुद्ध वाक्य – मैंने तेरे को कितना समझाया।
शुद्ध वाक्य – मैंने तुमको कितना समझाया।
अशुद्ध वाक्य – क्या यह संभव हो सकता है?
शुद्ध वाक्य – क्या यह संभव है?
अशुद्ध वाक्य – वह लगभग दौड़ रहा था।
शुद्ध वाक्य – वह दौड़ रहा था।
अशुद्ध वाक्य – मैं सारी रात भर जागता रहा।
शुद्ध वाक्य – मैं रात भर जागता रहा।
अशुद्ध वाक्य – माला मंद-मंद गा रही है।
शुद्ध वाक्य – माला धीरे-धीरे गा रही है।
अशुद्ध – अपराधी को रस्सी बाँधकर ले गये।
शुद्ध – अपराधी को रस्सी से बाँधकर ले गये।
अशुद्ध – यह ग्रन्थ विद्वतापूर्ण लिखा गया है।
शुद्ध – यह ग्रन्थ विद्वत्तापूर्वक रचा गया है।
अशुद्ध – युग की माँग का यह बीड़ा कौन चबाता है।
शुद्ध – युग की माँग का यह बीड़ा कौन उठाता है?
अशुद्ध – उसका आवाज़ सुनायी पड़ा।
शुद्ध – उसकी आवाज़ सुनायी पड़ी।
अशुद्ध – मैंने कई वर्षों तक उनकी प्रतीक्षा देखी।
शुद्ध – मैंने कई वर्षों तक उनकी प्रतीक्षा की।
अशुद्ध – नेता जी हमको यही काम करने की कहे हैं।
शुद्ध – नेता जी ने हमको यह काम करने को कहा है।
अशुद्ध – सोहन ने श्याम की घड़ी चुरा लिया।
शुद्ध – सोहन ने श्याम की घड़ी चुरा ली।
अशुद्ध – तुम्हारी बातों से मालूम चल जाएगा कि तुम बहुत योग्य थे।
शुद्ध – तुम्हारी बातों से मालूम हो जाएगा कि तुम बहुत योग्य हो।
अशुद्ध वाक्य – बच्चा चीख-चीख कर रो रहा था।
शुद्ध वाक्य – बच्चा जोर-जोर रो रहा था।
अशुद्ध वाक्य – हम सब परस्पर आपस में बराबर हैं।
शुद्ध वाक्य – हम सब आपस में बराबर हैं।
अशुद्ध वाक्य – यद्यपि यह आयेगा, इसलिए मैं जाऊँगा।
शुद्ध वाक्य – यद्यपि वह आयेगा, तथापि मैं जाऊँगा।
अशुद्ध वाक्य – केवल दस रुपये मात्र दे दीजिए।
शुद्ध वाक्य – दस रुपये मात्र दे दीजिए।
अशुद्ध वाक्य – चूँकि घर जाना है, अतः मैं समान लेते जाऊँगा।
शुद्ध वाक्य – चूँकि घर जाना है, इसलिए मैं समान लेते जाऊँगा।
अशुद्ध – देशभक्त बड़ी-बड़ी याचनाएँ सहते हैं।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

शुद्ध – देशभक्त बड़ी-बड़ी यातनाएँ सहते हैं।
अशुद्ध – हिन्दी की ऐसी खिचड़ी बन जायेगी, जो किसी को समझ में नहीं आयेगी।
शुद्ध – हिन्दी ऐसी खिचड़ी बन जाएगी, जो किसी की समझ में नहीं आयेगी।
अशुद्ध – दोनों की दशा एक-सी है।
शुद्ध – दोनों की दशाएँ एक-सी हैं।
अशुद्ध वाक्य – शाहजहाँ ने सड़कों को बनवाई।
शुद्ध वाक्य - शाहजहाँ ने सड़कें बनवाई।
अशुद्ध - पुस्तकों का प्राकथन परिचयात्मक होता है।
शुद्ध वाक्य – पुस्तकों का प्राक्कथन परिचयात्मक होता है।
अशुद्ध वाक्य – हजारों वर्षों पूर्व पृथ्वी आग का गोला थी।
शुद्ध वाक्य – हजारों वर्ष पूर्व पृथ्वी आग का गोला थी।
अशुद्ध वाक्य – रविता हिंदी को शोधार्थिनी है।
शुद्ध वाक्य – रविता हिंदी की शोधार्थी है।
अशुद्ध वाक्य – वह लखनऊ से रेल जायेगी।
शुद्ध वाक्य – वह रेल से लखनऊ जायेगी।
अशुद्ध वाक्य – एक पानी का गिलास दीजिए।
शुद्ध वाक्य – पानी का एक गिलास दीजिए।
अशुद्ध वाक्य – यह गाय का काली दूध है।
शुद्ध वाक्य – यह काली गाय का दूध है।
अशुद्ध वाक्य – मेरे घर के पास एक हलवाई की दुकान है।
शुद्ध वाक्य – मेरे घर के पास हलवाई की एक दुकान है।
अशुद्ध वाक्य – प्रधानमंत्री जी विदेश यात्रा पर गया।
शुद्ध वाक्य – प्रधानमंत्री जी विदेश यात्रा पर गये।
अशुद्ध वाक्य – राम मीठे गुणों से युक्त है।
शुद्ध वाक्य – राम अच्छे गुणों से युक्त है।
अशुद्ध वाक्य – पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला करवा कर निकृष्ट भूल की।
शुद्ध वाक्य – पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला करवा कर भारी भूल की।
अशुद्ध वाक्य – यह नदी बहुत नीची थी।
शुद्ध वाक्य – यह नदी बहुत गहरी थी।
अशुद्ध – किसी और दूसरे आदमी को भेजो।
शुद्ध – किसी दूसरे आदमी को भेजो।
अशुद्ध - उसने अपनी सब कमज़ोरी पूरी कर ली।
शुद्ध – उसने अपनी सारी कमज़ोरियाँ पूरी कर लीं।
अशुद्ध – इस विषय पर मेरे विचार मैं पहले प्रकट कर चुका हूँ।
शुद्ध – इस विषय पर मैं अपना विचार पहले ही प्रकट कर चुका हूँ।
अशुद्ध – ताजमहल की सौन्दर्य अनुपम है।
शुद्ध – ताजमहल का सौन्दर्य अनुपम है।
अशुद्ध – अधिकांश लोगों का यही विचार है।
शुद्ध – अधिकांश का यही विचार है।
अशुद्ध – मेरे मित्र ने यह पुस्तक आपको समर्पण की है।
शुद्ध – मेर मित्र ने यह पुस्तक आपको समर्पित की है।
अशुद्ध – तुम्हारे भाई कल घर में जो किया था वही तुम कर रहे हो।
शुद्ध – तुम्हारे भाई ने कल घर में जो किया था, वही तुम कर रहे हो।
अशुद्ध – सब लोग अपनी राय दें।
शुद्ध – सब लोग अपनी-अपनी राय दें।
अशुद्ध – शेर को देख उसका प्राण सूख गया।
शुद्ध – शेर को देखकर उसके प्राण सूख गये।
अशुद्ध – उपरोक्त अवतरण को उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।
शुद्ध – उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
अशुद्ध – मैं कड़ा-कड़ा से काम कर सकता हूँ।
शुद्ध – मैं कठिन-से-कठिन काम कर सकता हूँ।
अशुद्ध – हमारी सौभाग्यकांक्षी कन्या का विवाह पूर्णिमा को होगा।
शुद्ध – हमारी सौभाग्यकांक्षी कन्या का शुभ विवाह पूर्णिमा को होगा।
अशुद्ध – यहाँ अनाधिकार परवेश वर्जित है।
शुद्ध – यहाँ अनधिकृत प्रवेश वर्जित है।
अशुद्ध – उसका उद्देश्य आपके आँखों से आँसू बहाना नहीं था।
शुद्ध – उसका उद्देश्य आपकी आँखों से आँसू बहाना नहीं था।
अशुद्ध – हमारे देश में बहुत सारे नदीया प्रमात्मा का देन है।
शुद्ध – हमारे देश में बहुत सारी नदियाँ परमात्मा की देन हैं।
अशुद्ध – मेरे अध्ययन अस्थान पर किसी की भी मन पढ़ने को मचलेगी।
शुद्ध – मेरे अध्ययन-स्थान पर किसी का भी मन पढ़ने के लिए मचलेगा।
अशुद्ध – अनेकों स्त्री-पुरुष उसे देखने गये।
शुद्ध – अनेक स्त्री-पुरुष उसे देखने गये।
अशुद्ध – दस स्त्रियाँ और पाँच बालकों को भोजन दो।
शुद्ध – दस स्त्रियों और पाँच बालकों को भोजन दो।
अशुद्ध – आगामी अफसर कोलकता से आ रहे हैं।
शुद्ध – नये ऑफिसर कोलकाता से आ रहे हैं।
अशुद्ध – अपना माता-पिता की सेवा करनी चाहिए।
शुद्ध – अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए।
अशुद्ध – आकाश पर वायुयान दौड़ रहा है।
शुद्ध – आकाश में वायुयान उड़ रहा है।
अशुद्ध – बिजली गरज रही है।
शुद्ध – बिजली चमक रही है।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

अशुद्ध – रात का नाश्ता अच्छा था।
शुद्ध – रात का भोजन अच्छा था।
अशुद्ध – अत्याधिक व्यस्तता स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद है।
शुद्ध – अत्यधिक व्यस्तता, स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद है।
अशुद्ध – मैं अपनी बातों को स्पष्टीकरण करना चाहता हूँ।
शुद्ध – मैं अपनी बात को स्पष्ट करना चाहता हूँ।
अशुद्ध – मुझे आप पुराने पते से पत्र दीजिएगा।
शुद्ध – मुझे आप पुराने पते पर पत्र भेजिएगा (अथवा) आप मेरे पुराने पते पर पत्र भेजिएगा।
अशुद्ध – उनकी प्रखर बुद्धि हर काम में प्रकट होती है।
शुद्ध – उनकी प्रखर बुद्धि हर काम से प्रकट होती है।
अशुद्ध – दस रुपया में क्या आता है?
शुद्ध – दस रुपये में क्या आता है?
अशुद्ध – उसकी सौजन्यता से यह कार्य हुआ है।
शुद्ध – उसके सौजन्य से यह कार्य हुआ है।
अशुद्ध – मैं सप्रमाण सहित कहता हूँ।
शुद्ध – मैं सप्रमाण कहता हूँ। (अथवा) मैं प्रमाण-सहित कहता हूँ।
अशुद्ध – भोजन बहुत सुन्दर बना है।
शुद्ध – भोजन बहुत स्वादिष्ट बना है।
अशुद्ध – बाजार में साप्ताहिक अवकाश सोमवार का रहता है।
शुद्ध – बाज़ार में साप्ताहिक बंदी सोमवार को रहती है।
अशुद्ध – इस पुस्तक में यही विशेषता है।
शुद्ध – इस पुस्तक की यही विशेषता है।
अशुद्ध – उसके प्राण पखेरू चले गये।
शुद्ध – उसके प्राण पखेरू उड़ गये।
अशुद्ध – आपकी रचना श्रेष्टतम है।
शुद्ध – आपकी रचना श्रेष्ठ है।
अशुद्ध – पुत्री पराये घर का धन होता है।
शुद्ध – पुत्री पराये घर का धन होती है।
अशुद्ध – आज की कथा को ध्यान से सुननी चाहिए।
शुद्ध – आज की कथा को ध्यान से सुनना चाहिए।
अशुद्ध – श्रीमती गांधी भारत की प्रधानमंत्रणी थीं।
शुद्ध – श्रीमती गांधी भारत की प्रधानमंत्री थीं।
अशुद्ध – मन्त्री को पद की गोपनीयता की शपथ दिलाया।
शुद्ध – मंत्री को पद की गोपनीयता की शपथ दिलायी।
अशुद्ध – देश की स्थिति अच्छा नहीं है।
शुद्ध – देश की स्थिति अच्छी नहीं है।
अशुद्ध – सीता राम की स्त्री थी।
शुद्ध – सीता राम की पत्नी थी।
अशुद्ध – तुम्हें संकट में धैर्यता रखनी चाहिए।
शुद्ध – तुम्हें संकट में धैर्य रखना चाहिए।
अशुद्ध – राम खेलने लगा, दूध पीकर।
शुद्ध – राम दूध पीकर खेलने लगा।
अशुद्ध – शीला की बक-झक से मेरे कान भर गये थे।
शुद्ध – शीला की बक-बक से मेरे कान पक गये हैं।
अशुद्ध – तुम्हारे तो साँस में दम हो गया।
शुद्ध – तुम्हारी तो नाक में दम हो गया।
अशुद्ध – कैंसर एक असाध्य आधि है।
शुद्ध – कैंसर एक असाध्य व्याधि है।
अशुद्ध – मोतियों का यह हार बहुत अमूल्य है।
शुद्ध – यह मोतियों का हार बहुमूल्य है।
अशुद्ध – श्याम और उसका भाई पढ़ने जाता है।
शुद्ध – श्याम और उसका भाई पढ़ने जाते हैं।
अशुद्ध – मेरे को पेट में दर्द हो रहा है।
शुद्ध – मेरे पेट मे दर्द हो रहा है।
अशुद्ध – मेरे पूज्यनीय पिताजी आये हैं।
शुद्ध – मेरे पूजनीय पिताजी आये हैं या मेरे पिताजी आये हैं।
अशुद्ध – राम मेरे को बुला रहा है।
शुद्ध – राम मुझे बुला रहा है।
अशुद्ध – पत्रों को भेजा जा रहा है।
शुद्ध – पत्र भेजे जा रहे हैं।
अशुद्ध – लड़के खेले करते हैं।
शुद्ध – लड़के खेला करते हैं।
अशुद्ध – पुस्तकें पढ़नी चाहिएँ।
शुद्ध – पुस्तकें पढ़नी चाहिए।
अशुद्ध – शराब पीनी बुरी आदत है।
शुद्ध – शराब पीना बुरी आदत है।
अशुद्ध – कनाडे के कलाकार आये हैं।
शुद्ध – कनाडा के कलाकार आये हैं।
अशुद्ध – राम अभी पटने से आया है।
शुद्ध – राम अभी पटना से आया है।
अशुद्ध – राम ने तीन मन कोयले खरीदे।
शुद्ध – राम ने तीन मन कोयला खरीदा।
अशुद्ध – यह दस रुपया का नोट है।
शुद्ध – यह दस रुपए का नोट है।
अशुद्ध – सरला को लड़का हुआ है।
शुद्ध – सरला ने लड़के को जन्म दिया है।
अशुद्ध – मैंने पत्र नहीं पढ़ पाया।
शुद्ध – मैं पत्र नहीं पढ़ पाया।
अशुद्ध – तुम मुझे गाली क्यों दिया?
शुद्ध – तुमने मुझे गाली क्यों दी?
अशुद्ध – तुम क्या खाये हो?
शुद्ध – तुमने क्या खाया है?

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

अशुद्ध – मैं भात और मीन पसन्द करता हूँ।
शुद्ध – मैं भात और मछली पसन्द करता हूँ।
अशुद्ध – द्वितीय विश्वयुद्ध का श्रीगणेश 1939 में हुआ।
शुद्ध – द्वितीय विश्वयुद्ध का आरम्भ 1939 में हुआ।
अशुद्ध – मेरी पढ़ायी समाप्त हो गयी।
शुद्ध – मेरी पढ़ाई समाप्त हो गयी।
अशुद्ध – वह खायी में गिर गया।
शुद्ध – वह खाई में गिर गया।
अशुद्ध – समाज के अन्तर्गत भ्रष्टाचार व्याप्त है।
शुद्ध – समाज में भ्रष्टाचार व्याप्त है।
अशुद्ध – यह मेरी पैत्रिक सम्पत्ति है।
शुद्ध – यह मेरी पैतृक सम्पत्ति है।
अशुद्ध – शायद आज आँधी अवश्य आयेगी।
शुद्ध – शायद आज आँधी आयेगी। या आज आँधी अवश्य आयेगी।
अशुद्ध – राम अभी वापस लौटकर आया है।
शुद्ध – राम अभी वापस आया है। या राम अभी लौटकर आया है।
अशुद्ध – भारत सरकार ने स्व. कामराज को 'भारत-रत्न' की उपाधि अर्पित की।
शुद्ध – भारत सरकार ने स्व. कामराज को 'भारत-रत्न' की उपाधि प्रदान की।
अशुद्ध – साहित्य और समाज का घोर सम्बन्ध है।
शुद्ध – साहित्य और समाज का घनिष्ठ सम्बन्ध है।
अशुद्ध – बाजार में भारी-भरकम भीड़ जमा थी।
शुद्ध – बाजार में भारी भीड़ लगी थी।
अशुद्ध – शोक है कि मैं आपके पत्र का उत्तर न दे सका।
शुद्ध – खेद है कि मैं आपके पत्र का उत्तर न दे सका।
अशुद्ध – उसके आँख से आँसू बहता है।
शुद्ध – उसकी आँखों से आँसू बहते हैं।
अशुद्ध – उससे बोल दो कि वह यहाँ से चला जाय।
शुद्ध – उससे कह दो कि यहाँ से चला जाए।
अशुद्ध – प्रसादादि प्रभृति कवियों ने लिखा है।
शुद्ध – प्रसादादि कवियों ने लिखा है।
अशुद्ध रूप – निम्न वाक्यों को पढ़ें।
शुद्ध रूप – निम्नांकित वाक्यों को पढें।
अशुद्ध रूप – यह केवल नाममात्र का खिलाड़ी है।
शुद्ध रूप – वह केवल नाम का खिलाड़ी है अथवा वह नाममात्र का खिलाड़ी है।
अशुद्ध रूप - मैं अवश्य ही जीतूँगा।
शुद्ध रूप – मैं अवश्य जीतूँगा।
अशुद्ध रूप – सारे शहर-भर में हंगामा मचा हुआ है।
शुद्ध रूप – शहर-भर में हंगामा मचा हुआ है।
अशुद्ध रूप – मैं थोड़े दिनों में ही कलकत्ते से वापस लौट आऊँगा।
शुद्ध रूप – मैं थोड़े दिनों में कलकत्ता से लौट (या वापस) आऊँगा।
अशुद्ध रूप – मेरा सविनय पूर्वक निवेदन है।
शुद्ध रूप – मेरा सविनय निवेदन है।
अशुद्ध रूप – मैं कुशलपूर्वक से हूँ।
शुद्ध रूप – मैं कुशलपूर्वक हूँ।
अशुद्ध रूप – तमाम देश भर में यह सूचना दे दी गयी।
शुद्ध रूप – देश भर में सूचना दे दी गयी।
अशुद्ध रूप – मैं, वह और तुम खाओगे।
शुद्ध रूप – मैं, तुम और वह खायेंगे।
अशुद्ध रूप – मैंने भात को खाया।
शुद्ध रूप – मैंने भात खाया।
अशुद्ध रूप – केला को खूब पका हुआ होना चाहिए।
शुद्ध रूप – केला खूब पका होना चाहिए।
अशुद्ध रूप – वह भंग ढालकर दिन भर सोता है।
शुद्ध रूप – वह भंग छानकर दिनभर सोता है।
अशुद्ध रूप – जहाँगीर शराब छानकर पड़ा रहता था।
शुद्ध रूप – जहाँगीर शराब ढालकर पड़ा रहता था।
अशुद्ध रूप – आपका सब विचार अच्छा होता है।
शुद्ध रूप – आपके सब विचार अच्छे हैं।
अशुद्ध रूप – मैंने हाथ जोड़ दिया।
शुद्ध रूप – मैंने हाथ जोड़ दिये।
अशुद्ध रूप – मुझे सौ रुपये जुर्माने देने पड़े।
शुद्ध रूप – मुझे सौ रुपये जुर्माना देना पड़ा।
अशुद्ध रूप – तुमलोग कुत्ते की मौत मरोगे।
शुद्ध रूप – तुमलोग कुत्तों की मौत मरोगे।
अशुद्ध रूप – मैं गांधीजी के ऊपर श्रद्धा रखता हूँ।
शुद्ध रूप – मैं गांधीजी पर श्रद्धा रखता हूँ।
अशुद्ध रूप – शास्त्रीजी की मृत्यु का समाचार सुनते ही मेरी आँखों में आँसू बह निकला।
शुद्ध रूप – शास्त्रीजी की मृत्यु का समाचार सुनते ही मेरे आँसू बह चले।
अशुद्ध रूप – नेताजी के एक-एक शब्द तुले हुए थे।
शुद्ध रूप – नेताजी का एक-एक शब्द तुला हुआ था।
अशुद्ध वाक्य – आपकी महान कृपा होगी।
शुद्ध वाक्य – आपकी महती कृपा होगी।
अशुद्ध वाक्य – मेरे मन के अन्दर कोई बुरी बात नहीं है।
शुद्ध वाक्य – मेरे मन में कोई बुरी बात नहीं है।
अशुद्ध वाक्य – केवल मात्र आपके दर्शन पर्याप्त होंगे।
शुद्ध वाक्य – मात्र आपके दर्शन पर्याप्त होंगे।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

अशुद्ध वाक्य– अत्याधिक व्यस्तता स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद है।
शुद्ध वाक्य– अत्यधिक व्यस्तता स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
अशुद्ध वाक्य – वह, तुम आ गये।
शुद्ध वाक्य – वाह! तुम आ गये।
अशुद्ध वाक्य – बच्चा रोते रोते सो गया?
शुद्ध वाक्य – बच्चा रोते-रोते सो गया।
अशुद्ध वाक्य – पकड़ो मत जाने दो।
शुद्ध वाक्य – पकड़ो, मत जाने दो।
अशुद्ध वाक्य – अधजल मटकी छलकत जाय।
शुद्ध वाक्य – अधजल गगरी छलकत जाय।
अशुद्ध वाक्य – मेरे नये पते से चिट्ठियां भेजना।
शुद्ध वाक्य – मेरे नये पते पर चिट्ठियां भेजना।
अशुद्ध वाक्य – हमने यह काम करना है।
शुद्ध वाक्य – हमें यह काम करना है।
अशुद्ध वाक्य – उसके ऊपर उचित न्याय किया जायेगा।
शुद्ध वाक्य – उस पर उचित न्याय किया जायेगा।
अशुद्ध वाक्य – आप वाली किताब छत में पड़ी है।
शुद्ध वाक्य – आपकी किताब छत पर पड़ी है।
अशुद्ध वाक्य – उस पर भगवान की क्रपा है।
शुद्ध वाक्य – उस पर भगवान की कृपा है।
अशुद्ध वाक्य – बैंको में सप्ताहिक अवकाश रहता है।
शुद्ध वाक्य – बैंकों में साप्ताहिक अवकाश रहता है।
अशुद्ध वाक्य – मैं आपही आकर झोला ले जाऊँगा।
शुद्ध वाक्य – मैं स्वयं आकर झोला ले जाऊँगा।
अशुद्ध वाक्य – हमको क्या?
शुद्ध वाक्य – हमें क्या?
अशुद्ध – निश्चय रूप से नहीं कहा जा सकता।
शुद्ध – निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।
अशुद्ध – वे प्रातःकाल के समय आये।
शुद्ध – वे प्रातःकाल आये।
अशुद्ध – उसे भारी प्यास लगी है।
शुद्ध – उसे बहुत प्यास लगी है।
अशुद्ध – वह पेड पर जो कोने पर लगा है, उसके फल मीठे हैं।
शुद्ध – वह पेड़, जो कोने पर लगा है, उसके फल मीठे हैं।
अशुद्ध – शब्द केवल संकेत मात्र होते हैं।
शुद्ध – शब्द केवल संकेत होते हैं।
अशुद्ध – रामचरितमानस उच्चकोटि का ग्रन्थ है।
शुद्ध – रामचरित मानस एक उच्चकोटि का ग्रन्थ है।
अशुद्ध – सूर्य प्रतिदिन पूर्व में उग रहा है।
शुद्ध – सूर्य प्रतिदिन पूर्व में उगता है।
अशुद्ध – मनोहर का मकान श्याम के मकान से ज़्यादा बेहतर है।
शुद्ध – मनोहर का मकान श्याम के मकान से बेहतर है।
अशुद्ध – माली एक फूलों की माला लाया।
शुद्ध – माली फूलों की एक माला लाया।
अशुद्ध – यह आँखों से देखी घटना है।
शुद्ध – यह आँखों-देखी घटना है।
अशुद्ध – मुझे रोटी खाना है।
शुद्ध – मुझे रोटी खानी है।
अशुद्ध – उसके पास केवल दस रुपये मात्र हैं।
शुद्ध – उसके पास मात्र दस रुपये हैं।
अशुद्ध – पाप बढ़ती है तो वर्षा नहीं होता।
शुद्ध – पाप बढ़ता है तो वर्षा नहीं होती।
अशुद्ध – सब चली-चलो का मेल है।
शुद्ध – सब चला-चली का मेला है।
अशुद्ध – मरे राम, जलावे राम।
शुद्ध – मारे राम, जिलावे राम।
अशुद्ध – चक्की के दो पाटन में कितना साबुत नहीं बचता।
शुद्ध – चक्की के दो पाटों में कोई साबुत नहीं बचता।
अशुद्ध – इस बात को वे नहीं समझ सकते हैं, न बोल सकते हैं।
शुद्ध – इस बात को वे न तो समझ सकते हैं, न बोल सकते हैं।
अशुद्ध – सिवा आपको छोड़कर कोई ऐसा बात नहीं कहेगा।
शुद्ध – आपको छोड़कर कोई ऐसी बात नहीं कहेगा।
अशुद्ध – थोड़ी देर बाद सन्यासी वापस लौट आये।
शुद्ध – थोड़ी देर बाद संन्यासी लोट आये।
अशुद्ध – वह विलाप करके रोने लगी।
शुद्ध – वह विलाप करने लगी।
अशुद्ध – तुमने अच्छा काम करा।
शुद्ध – तुमने अच्छा काम किया।
अशुद्ध – आप हमसे नहीं बोलो।
शुद्ध – आप हमसे नहीं बोलिए।
अशुद्ध – परीक्षा की प्रणाली बदलना चाहिए।
शुद्ध – परीक्षा की प्रणाली बदलनी चाहिए।
अशुद्ध – तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता।
शुद्ध – तुमसे कोई काम नहीं हो सकता।
अशुद्ध – वहाँ जाने से तुम्हें क्या लाभ प्राप्त होगा?
शुद्ध – वहाँ जाने से तुम्हें क्या लाभ होगा?
अशुद्ध – बेफिजूल बोल रहे हो।
शुद्ध – फिजूल बोल रहे हो।
अशुद्ध – प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखे।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

शुद्ध – प्रेमचन्द ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखे।
अशुद्ध – तुम्हें पग-पग में काँटे मिलेंगे।
शुद्ध – तुम्हें पग-पग पर काँटे मिलेंगे।
अशुद्ध – कमल को पास बैठो।
शुद्ध – कमल के पास बैठो।
अशुद्ध – मैंने उनकी प्रतीक्षा देखी।
शुद्ध – मैंने उनकी प्रतीक्षा की।
अशुद्ध – मेरा नाम श्री मोहन जी है।
शुद्ध – मेरा नाम मोहन है।
अशुद्ध – शिकारी ने उस पर गोली चलायी पर शेर बच निकला।
शुद्ध – शिकारी ने शेर पर गोली चलायी पर वह बच निकला।
अशुद्ध – यह भाग्यवान् स्त्री है।
शुद्ध – यह भाग्यवती है।
अशुद्ध – विश्वनाथ और गोविन्द में सबसे अधिक तेज़ कौन है?
शुद्ध – विश्वनाथ और गोविन्द में अधिक तेज़ कौन है।
अशुद्ध – अपराधी को रस्सी बाँधकर ले गये।
शुद्ध – अपराधी को रस्सी से बाँधकर ले गये।
अशुद्ध – इस समय आपकी आयु चालीस वर्ष है।
शुद्ध – इस समय आपकी अवस्था चालीस वर्ष की है।
अशुद्ध – मैं आपकी प्रतिक्षा करता रहा।
शुद्ध – मैं आपकी प्रतीक्षा करता रहा।
अशुद्ध– प्रत्येक प्राणी को स्वयं आत्मनिर्भर रहना चाहिए।
शुद्ध – प्रत्येक प्राणी को आत्मनिर्भर रहना चाहिए।
अशुद्ध – वह दो नौ ग्यारह हो गया।
शुद्ध – वह नौ-दो ग्यारह हो गया।
अशुद्ध – राजनीति की रूप बदल गयी है।
शुद्ध – राजनीति का रुप बदल गया है।
अशुद्ध – तितली के पास सुन्दर पंख होते हैं।
शुद्ध – तितली के सुन्दर पंख होते हैं।
अशुद्ध – राकेश नया पोशाक पहनकर गया है।
शुद्ध – राकेश नयी पोशाक पहनकर गया है।
अशुद्ध – जब भी आप आओ मुझसे मिलो।
शुद्ध – जब भी आप आयें, मुझसे मिलें।
अशुद्ध – गत रविवार को वह मुम्बई जाएगा।
शुद्ध – आगामी रविवार को वह मुम्बई जाएगा।
अशुद्ध – उसकी शादी पहले होना चाहिए थी।
शुद्ध – उसकी शादी पहले होनी चाहिए थी।
अशुद्ध – आज कॉलेज बन्द हो गई।
शुद्ध – आज कॉलेज बन्द हो गया।
अशुद्ध – आत्मा में परमात्मा निवास करती है।
शुद्ध – आत्मा में परमात्मा निवास करता है।
अशुद्ध – यह तुम्हारा पुस्तक नहीं है।
शुद्ध – यह तुम्हारी पुस्तक नहीं है।
अशुद्ध – सेठ ने एक धर्मशाला बनवाया।
शुद्ध – सेठ ने एक धर्मशाला बनवायी।
अशुद्ध – आज मौसम अच्छी नहीं है।
शुद्ध – आज मौसम अच्छा नहीं है।
अशुद्ध – आपका लिखाई सुन्दर है।
शुद्ध – आपकी लिखाई सुन्दर है।
अशुद्ध – ऋषी, मुनी और गुरू पर श्रद्धा रखो।
शुद्ध – ऋषि, मुनि और गुरू पर श्रद्धा रखो।
अशुद्ध – वास्तव में तुम चतुर हो।
शुद्ध – तुम वास्तव में चतुर हो। या वस्तुतः तुम चतुर हो।
अशुद्ध – राम को यहाँ आने के लिए बोल दो।
शुद्ध – राम को यहाँ आने के लिए कह दो।
अशुद्ध – यद्यपि तुम अजनबी हो, परन्तु मैं तुम्हें अपना मानता हूँ।
शुद्ध – यद्यपि तुम अजनबी हो, तथापि मैं तुम्हें अपना मानता हूँ।
अशुद्ध – मैंने तलवार द्वारा शत्रु को मार दिया।
शुद्ध – मैंने तलवार से शत्रु को मार दिया।
अशुद्ध – ताजमहल की सौंदर्यता अनुपम है।
शुद्ध – ताजमहल की सौंदर्य अनुपम है।
अशुद्ध – अज्ञेय ने अनेकों ग्रंथ लिखे हैं।
शुद्ध – अज्ञेय ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं।
अशुद्ध – राम की उदारता का दरोपयोग मत करो।
शुद्ध – राम की उदारता का दुरुपयोग मत करो।
अशुद्ध – इस बेशुमार गर्मी के कारण बुरा हाल है।
शुद्ध – इस तेज गर्मी के कारण बुरा हाल है।
अशुद्ध – हिमालय बहुत उच्च पर्वत है।
शुद्ध – हिमालय बहुत ऊँचा पर्वत है।
अशुद्ध – एक आवश्यकीय कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
शुद्ध – एक आवश्यक कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
अशुद्ध – इतनी सुन्दर कथा सुनी कभी थी नहीं।
शुद्ध – इतनी सुन्दर कथा कभी नहीं सुनी था।
अशुद्ध - इस दौड़ में 5वाँ घोड़ा जीतेगा।
शुद्ध – इस दौड़ में पाँचवाँ घोड़ा जीतेगा।
अशुद्ध– रीता ने सीता से कहा, "हमारे पति बहुत अच्छे हैं।"
शुद्ध – रीता ने सीता से कहा, "मेरे पति बहुत अच्छे हैं।"
अशुद्ध – वहाँ कौन-कौन आया था?
शुद्ध – वहाँ कौन-कौन आये थे?
अशुद्ध – जो-जो आपने कहा, वह-वह सब मैंने किया।
शुद्ध – जो-जो आपने कहा, वह सब मैंने किया।
अशुद्ध – जो-जो यहाँ आये, वे-वे बहुत खुश हुए।

Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

शुद्ध – जो-जो यहाँ आये, वे सब बहुत खुश हुए।
अशुद्ध – दूध सफेद है।
शुद्ध – दूध सफेद होता है।
अशुद्ध – मेरे पास एक बहुत लम्बी-सी छड़ी है।
शुद्ध – मेरे पास एक बहुत लम्बी छड़ी है।
अशुद्ध – हरेक गायें दूध नहीं देतीं।
शुद्ध – हरेक गाय दूध नहीं देती।
अशुद्ध – दोनों गाय सफेद हैं।
शुद्ध – दोनों गाएँ सफेद हैं।
अशुद्ध – मैंने सब कुछ अपनी आँखों से देखा।
शुद्ध – मैंने सब कुछ आँखों से देखा।
अशुद्ध – मैं कलम के द्वारा लिखाता हूँ।
शुद्ध – मैं कलम से लिखता हूँ।
अशुद्ध – इस पुस्तक आलय में बहुत किताबें हैं।
शुद्ध – इस पुस्तकालय में बहुत किताबें हैं।
अशुद्ध – उसे मुँह से माँगा दान मिलेगा।
शुद्ध – उसे मुँहमाँगा दान मिलेगा।
अशुद्ध – वह चारमासा गा रही है।
शुद्ध – वह चौमासा गा रही है।
अशुद्ध – जो परिश्रम करते हैं, वह सफल होता है।
शुद्ध – जो परिश्रम करते हैं, वे सफल होते हैं।
अशुद्ध – गांधीजी महात्मा थे, क्योंकि उसने विश्व को ही अपना परिवार समझा।
शुद्ध – गांधीजी महात्मा थे, क्योंकि उन्होंने विश्व को ही अपना परिवार समझा।
अशुद्ध – जो जन्म लेती है, वह अवश्य मरती है।
शुद्ध – जो जन्म लेता है, वह अवश्य मरता है।
अशुद्ध – राम ने केवल मात्र दो रुपए लिये।
शुद्ध – राम ने केवल दो रुपये लिये।
अशुद्ध – मुझे आपका आर्शीवाद चाहिए।
शुद्ध – मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए।
अशुद्ध – राम ने उत्साह के साथ शोक सहन किया।
शुद्ध – राम ने धैर्य के साथ शोक सहन किया।
अशुद्ध – गुड ईख से रस से बनता है।
शुद्ध – गुड़ ईख के रस से बनता है।
अशुद्ध रूप - उसने चार मन चावल खरीदे।
शुद्ध रूप – उसने चार मन चावल खरीदा।
अशुद्ध रूप – तलवार एक अच्छा अस्त्र है।
शुद्ध रूप – तलवार एक अच्छा शस्त्र है।
अशुद्ध रूप – समाज में एक्यता जरूरी है।
शुद्ध रूप – समाज में ऐक्य (एकता) जरूरी है।
अशुद्ध रूप - सीता आरोग्य हो गयी।
शुद्ध रूप – सीता नीरोग हो गयी।
अशुद्ध रूप – मैं वहाँ जाने नहीं सकूँगा।
शुद्ध रूप – मैं वहाँ जा न सकूँगा।
अशुद्ध रूप – उसने बोला।
शुद्ध रूप – वह बोला, उसने कहा।
अशुद्ध रूप – सीता मुझसे कही।
शुद्ध – सीता ने मुझसे कहा।
अशुद्ध रूप – राधा रोटी खायी।
शुद्ध रूप – राधा ने रोटी खायी।
अशुद्ध रूप – उसने कई स्थानों का नाम बताया।
शुद्ध – उसने कई स्थानों के नाम बताए।
अशुद्ध रूप – सबों का यही कहना है।
शुद्ध – सब का यही कहना है।
अशुद्ध रूप – कागजातों की बात मुझे नहीं मालूम।
शुद्ध रूप – कागजात की बात मुझे नहीं मालूम।
अशुद्ध रूप - हरिश्चन्द्र ने मुक्तहस्त से दान दिया।
शुद्ध रूप – हरिश्चन्द्र ने मुक्तहस्त दान किया।
अशुद्ध – संसार में असंख्य सूर्य, चन्द्र और ग्रह नक्षत्र हैं।
शुद्ध – संसार में अगणित सूर्य, चन्द्र और ग्रह नक्षत्र हैं।
अशुद्ध – आगामी घटनाओं को कौन जान सकता है।
शुद्ध – भावी घटनाओं को कौन जान सकता है।
अशुद्ध – आपका पत्र धन्यवाद सहित मिला।
शुद्ध – आपका पत्र मिला। धन्यवाद।
अशुद्ध – इसके बाद वे वापस लौट गये।
शुद्ध – इसके बाद वे लौट गये।
अशुद्ध – मैंने कोई उत्तर नहीं दी।
शुद्ध – मैंने कोई उत्तर नहीं दिया।
अशुद्ध – सीता चार कविता सुनाये।
शुद्ध – सीता ने चार कविताएँ सुनायीं।
अशुद्ध – तमाम देश भर में यह बात फैल गयी।
शुद्ध – देश-भर में यह बात फैल गयी।
अशुद्ध – पुलिस ने अपराधी में आरोप लगाया।
शुद्ध – पुलिस ने अपराधी पर आरोप लगाया।
अशुद्ध – मैं अपनी स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ।
शुद्ध – मैं स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ।
अशुद्ध – उसने नेताजी को एक गुलाब की माला पहनायी।
शुद्ध – उसने नेताजी को गुलाब की एक माला पहनायी।
अशुद्ध – मैंने लाठी द्वारा साँप मार दिया।
शुद्ध – मैंने लाठी से साँप मार दिया।
अशुद्ध – समाज के साथ साहित्य का घोर सम्बन्ध है।
शुद्ध – समाज के साथ साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है।
अशुद्ध – भाई साहब ! अन्दर आओ।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

शुद्ध – भाई साहब ! अन्दर आइए।
अशुद्ध – बेटी पराये घर का धन होता है।
शुद्ध – बेटी पराये घर का धन होती है।
अशुद्ध – मैं, तुम और वह पढ़ रहा है।
शुद्ध – मैं तुम और वह पढ़ रहे हैं।
अशुद्ध – आज रानी और मेहतरानी समान हो गये हैं।
शुद्ध – आज रानी और मेहतरानी समान हो गयी है।
अशुद्ध – मेरा ही नहीं, सबों का यही मत है।
शुद्ध – मेरा ही नहीं, सभी का यही मत है।
अशुद्ध – राम प्रातःकाल के समय घूमने जाता है।
शुद्ध – राम प्रातःकाल घमने जाता है।
अशुद्ध – कृपया मेरी बात ध्यान से सुनने की कृपा करें।
शुद्ध – कृपया मेरी बात ध्यान से सुनें।
या मेरी बात ध्यान से सुनने की कृपा करें।
अशुद्ध – राम, कहाँ जा रहा है।
शुद्ध – राम कहाँ जा रहा है?
अशुद्ध – मैंने आम खाना है।
शुद्ध – मुझे आम खाना है।
अशुद्ध – गुरूजी ! तुम हमें ज्ञान दो।
शुद्ध – गुरूजी ! आप हमें ज्ञान दीजिए।
अशुद्ध – तूने मार खानी है क्या?
शुद्ध – तुझे मार खानी है क्या?
अशुद्ध रूप - दरअसल में मैं कमजोर हो गया हूँ।
(दरअसल में 'दर' का अर्थ ही है 'में')
शुद्ध रूप - दरअसल मैं कमजोर हो गया हूँ।
अशुद्ध रूप – मैं यहाँ सकुशलपूर्वक हूँ।
शुद्ध रूप – मैं यहाँ कुशलपूर्वक (या सकुशल) हूँ।
अशुद्ध रूप – आपकी घड़ी में कै बजा है?
शुद्ध रूप – आपकी घड़ी में कितने बजे हैं?
अशुद्ध – महादेवी रहस्यवाद की कवि हैं।
शुद्ध – महादेवी रहस्यवाद की कवयित्री हैं।
अशुद्ध – राम परिक्षा में उत्तीर्ण हो गया।
शुद्ध – राम परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया।
अशुद्ध – तुम्हारे व्यवहार से मैं क्षुब्धित हूँ।
शुद्ध – तुम्हारे व्यवहार से मैं क्षुब्ध हूँ।
अशुद्ध – मैंने मेरा नाम लिखा दिया है।
शुद्ध – मैंने अपना नाम लिखा दिया है।
अशुद्ध – उसने अपनी कमाई का अधिकांश भाग व्यर्थ गँवा दिया।
शुद्ध – उसने अपनी कमाई का अधिकांश गँवा दिया।
अथवा
उसने अपनी कमाई का अधिक भाग गँवा दिया।
अशुद्ध – व्यक्ति को अपने समय का अच्छा सदुपयोग करना चाहिए।
शुद्ध – व्यक्ति को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए।
अशुद्ध – छात्रों ने मुख्य अतिथि को मान-पत्र प्रदान किया।
शुद्ध – छात्रों ने मख्य अतिथि को मान-पत्र से सम्मानित किया।
अशुद्ध – तमाम देश भर में यह बात फैल गयी।
शुद्ध – देश-भर में यह बात फैल गयी।
अशुद्ध – वह पेड़ जो कोने पर लगा है, उसके फल मीठे हैं।
शुद्ध – वह पेड़ जो कोने पर स्थित है, उसके फल मीठे हैं।
अशुद्ध– सामाजिक कुरीतियों का एकमात्र कारण अज्ञानता है।
शुद्ध– सामाजिक कुरीतियों का एकमात्र कारण अज्ञान है।
अशुद्ध – प्रत्येक प्राणी को स्वयं आत्मनिर्भर होना चाहिए।
शुद्ध – प्रत्येक प्राणी को आत्मनिर्भर होना चाहिए।
अशुद्ध – मैं कपड़े नहीं दिया हूँ।
शुद्ध – मैंने कपड़े नहीं दिये हैं।
अशुद्ध – मैं आपकी प्रतिरक्षा करता रहा।
शुद्ध – मैं आपकी रक्षा करता रहा।
अशुद्ध – दंगे मे बालक, युवा, नर-नारी सब पकड़ी गयी।
शुद्ध – दंगे में बालक, युवा, नर-नारी सब पकड़े गये।
अशुद्ध – इस काम में देर होनी स्वाभाविक थी।
शुद्ध – इस काम में देर होना स्वाभाविक था।
अशुद्ध– जिसकी लाठी उसके भैंसवाला कहावत चरितार्थ होती है।
शुद्ध– 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' वाली कहावत चरितार्थ होती है।
अशुद्ध– प्रयाग विश्वविद्यालय ने नेहरू जी को उपाधि वितरित की।
शुद्ध– प्रयाग विश्वविद्यालय की ओर से नेहरू जी को उपाधि प्रदान की गयी।
अशुद्ध – इसका मूल्य नापा या तौला नहीं जा सकता।
शुद्ध – इसका मूल्य आँका नहीं जा सकता।
अशुद्ध – यह बात एक उदाहरण से स्पष्ट किया जा सकता।
शुद्ध – यह बात एक उदाहरण से स्पष्ट हो सकती है।
अशुद्ध – हर व्यक्ति को कोई न कोई दस्तकारी का काम सीखना चाहिए।
शुद्ध – हर व्यक्ति को दस्तकारी का काम सीखना चाहिए।
अशुद्ध – मेरी रोम-राम खील उठी।
शुद्ध – मेरा रोम-रोम खिल उठा।
अशुद्ध – घी बहुत अच्छी नहीं है।
शुद्ध – घी बहुत अच्छा नहीं है।
अशुद्ध – इस दुकान में आलू और सब्ज़ी नहीं मिलते।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

शुद्ध – इस दुकान में आलू और सब्ज़ी नहीं मिलती।
अशुद्ध – सभा के प्रत्येक सदस्यों की यही राय थी।
शुद्ध – सभा के प्रत्येक सदस्य की यही राय थी।
अशुद्ध – बुराई सुनते-सुनते मेरा कान पक गया।
शुद्ध – बुराई सुनते-सुनते मेरे कान पक गये।
अशुद्ध – राम ने आप पर मुक़दमा चलाया है।
शुद्ध – राम ने आपके ऊपर मुक़दमा चलाया है।
अशुद्ध – दिल्ली से अनेक पत्र और पत्रिकाओं का प्रकाशन होता है।
शुद्ध – दिल्ली से अनेक पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन होता है।
अशुद्ध – यह कहानी जो है, यह सुदर्शन ने लिखी है।
शुद्ध – यह कहानी सुदर्शन की लिखी है।
अशुद्ध – राम और श्याम बाहर खेल रहा है।
शुद्ध – राम और श्याम बाहर खेल रहे हैं।
अशुद्ध – मैं मेरा कार्य समाप्त कर चुका हूँ।
शुद्ध – मैं अपना कार्य समाप्त कर चुका हूँ।
अशुद्ध – पियार और घिरणा मनुष्य-जीवन की परभावी संवेदनाये हैं।
शुद्ध – प्यार और घृणा मनुष्य-जीवन की प्रभावी संवेदनाएँ हैं।
अशुद्ध – तुम्हारा गाँव किसका है?
शुद्ध – तुम्हारा गाँव कहाँ है?
अशुद्ध – फूलों पर हिमबिन्दुएँ चमक रही हैं।
शुद्ध – फूलों पर ओस की बूँदें चमक रही हैं।
अशुद्ध – माता-पिता पर आदर रखना चाहिए।
शुद्ध – माता-पिता के प्रति आदर रखना चाहिए।
अशुद्ध – वह कक्षा का सर्वश्रेष्ठ अच्छा छात्र है।
शुद्ध – वह कक्षा का सर्वश्रेष्ठ छात्र है।
अशुद्ध – कलकत्ता से अनेक पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन होता है।
शुद्ध – कोलकाता से अनेक पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन होते हैं।
अशुद्ध – मोहन की व्यवहार अच्छी नहीं है।
शुद्ध – मोहन का व्यवहार अच्छा नहीं है।
अशुद्ध – मैंने दो घड़ियों को ख़रीदीं।
शुद्ध – मैंने दो घड़ियाँ ख़रीदीं।
अशुद्ध – तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता।
शुद्ध – तुमसे कोई काम नहीं हो सकता।
अशुद्ध – यह लोग क्या करा।
शुद्ध – इन लोगों ने क्या किया?
अशुद्ध – मैं ऐसा करना पहले से निश्चय कर रखा था।
शुद्ध – मैंने ऐसा करना पहले से निश्चय कर रखा था।
अशुद्ध – शब्द केवल संकेतमात्र हैं।
शुद्ध – शब्द संकेतमात्र हैं।
अशुद्ध – आज मैं प्रातःकाल के समय वहाँ गया।
शुद्ध – आज मैं प्रातःकाल वहाँ गया।
अशुद्ध – कुछ स्थलों में कहा गया है।
शुद्ध – कुछ स्थलों पर कहा गया है।
अशुद्ध – उसने तरह-तरह का रूप धारण किया।
शुद्ध – उसने तरह-तरह के रूप धारण किये।
अशुद्ध – ऐक्यता से उन्नती होती है।
शुद्ध – ऐक्य से उन्नति होती है।
अशुद्ध – वह सज्जन व्यक्ति है।
शुद्ध – वह सज्जन है।
अशुद्ध वाक्य – हम अपने पिता के सबसे बड़े लड़के हैं।
शुद्ध वाक्य – मैं अपने पिता का सबसे बड़ा पुत्र हूँ।
अशुद्ध वाक्य – कृष्ण पिताम्बर धारण करते थे।
शुद्ध वाक्य – कृष्ण पीताम्बर धारण करते थे।
अशुद्ध वाक्य – प्रत्येक प्राणी को स्वयं आत्मनिर्भर होना चाहिए।
शुद्ध वाक्य – प्रत्येक प्राणी को आत्मनिर्भर होना चाहिए।
अशुद्ध वाक्य – कुछ दिनों मे आप द्वारा लगाया गया यह पौधा बड़ा विशाल वृक्ष बन जायेगा।
शुद्ध वाक्य – कुछ दिनों में आप द्वारा लगाया गया यह पौधा विशाल वृक्ष बन जायेगा।
शुद्ध वाक्य – कुछ दिनों में आप द्वारा लगाया गया यह पौधा विशाल वृक्ष बन जायेगा।
अशुद्ध – केवल मात्र आपके दर्शन पर्याप्त होंगे।
शुद्ध – मात्र आपके दर्शन पर्याप्त होंगे।
अशुद्ध – मेरे मन के अन्दर कोई बुरी बात नहीं है।
शुद्ध – मेरे मन में कोई बुरी बात नहीं है।
अशुद्ध – यद्यपि मैं आपका बहुत कृतज्ञ हूँ पर मैं आपका यह कार्य नहीं कर सकता।
शुद्ध – यद्यपि मैं आपका बहुत कृतज्ञ हूँ तथापि आपका यह कार्य नहीं कर सकता।
अशुद्ध – मेरी पूज्यनीय माँ अब इस संसार में नहीं है।
शुद्ध – मेरी पूजनीया (अथवा पूज्या) माँ अब इस संसार में नहीं हैं।
अशुद्ध – आपकी महान् कृपा होगी।
शुद्ध – आपकी बड़ी कृपा होगी।
अशुद्ध – आप इस पत्र में हस्ताक्षर बना दीजिए।
शुद्ध – आप इस पत्र पर हस्ताक्षर कर दीजिए।
अशुद्ध – आपका पत्र सधन्यवाद सहित मिला।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

शुद्ध – आपका पत्र सधन्यवाद मिला (अथवा) आपका पत्र धन्यवाद-सहित मिला। (अथवा) धन्यवाद-सहित आपका पत्र मिला (अथवा) सधन्यवाद आपका पत्र मिला।
अशुद्ध – एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में हरी घास पर चर रहे हैं।
शुद्ध – एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में हरी घास चर रही है।
अशुद्ध – श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
शुद्ध – श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
अशुद्ध – मैं गुरूजी से प्रति श्रद्धा है।
शुद्ध – मेरी गुरूजी के प्रति श्रद्धा है।
अशुद्ध – मैं सौ रुपये का टिकट खरीदा।
शुद्ध – मैंने सौ रुपये का टिकट ख़रीदा।
अशुद्ध – श्रीराम सिंह मेरे अपने पिता हैं।
शुद्ध – श्रीराम सिंह मेरे पिता है।
अशुद्ध – हमें अपना निजी काम करना चाहिए।
शुद्ध – हमें अपना काम करना चाहिए।
अशुद्ध – निराशा की किरणों छायी हुई है।
शुद्ध – निराशा के बादल छाये हुए हैं।
अशुद्ध – मुझे नहीं मालूम था कि वह आपकी पैत्रिक सम्पत्ति है।
शुद्ध – मुझे नहीं मालूम था कि वह आपकी पैतृक सम्पत्ति है।
अशुद्ध – उसने एक मोती का हार ख़रीदा।
शुद्ध – उसने मोती का एक हार ख़रीदा।
अशुद्ध – कल मन्दिर का स्थापना हुआ।
शुद्ध – कल मन्दिर की स्थापना हुई।
अशुद्ध – लड्डू और लस्सी पीकर हमने यात्रा की।
शुद्ध – लड्डू खाकर और लस्सी पीकर हमने यात्रा प्रारम्भ की।
अशुद्ध – वह नगर द्रष्टव्य है।
शुद्ध – वह नगर दर्शनीय है।
अशुद्ध – जिस प्रकार आभूषणों के द्वारा शरीर की शोभा बढ़ जाता है उसी प्रकार अलंकारों से भाषा में लालित्य आ जाता है।
शुद्ध – जिस प्रकार आभूषणों के द्वारा शरीर की शोभा बढ़ जाती है, उसी प्रकार अलंकारों से भाषा में लालित्य आ जाता है।
अशुद्ध – दीपावली पर कुछ लोग चमचमाती चाँदी के बरतन खरीदने का लोभ-संवरण न कर सके।
शुद्ध – दीपावली पर कुछ लोग चमचमाते चाँदी के बरतन खरीदने का लोभ-संवरण न कर सके।
अशुद्ध – मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि आपके द्वारा इतने परिश्रम से कमाया गया यह धन आखिर किस काम में आयेगा।
शुद्ध – मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि आपके द्वारा इतने परिश्रम से कमाया गया यह धन आखिर किस काम आयेगा?
अशुद्ध – श्री सरोजिनी नायडू एक विद्वान महिला थीं।
शुद्ध – श्रीमती सरोजिनी नायडू एक विदुषी महिला थीं।
अशुद्ध – वे मित्र होकर भी परस्पर एक-दूसरे को सन्देह की दृष्टि से देखते हैं।
शुद्ध – वे मित्र होकर भी एक-दूसरे को सन्देह की दृष्टि से देखते हैं।
अशुद्ध – सांस्कृतिक जागृति के पीछे राष्ट्रीय जागृति आती है।
शुद्ध – सांस्कृतिक जागृति के बाद राष्ट्रीय जागृति आती है।
अशुद्ध– पवित्रता ने इस रहस्य को अपने हृदय के भीतर ही अन्तर्निहित रखा।
शुद्ध– पवित्रता ने इस रहस्य को अपने हृदय के भीतर ही रखा।
अशुद्ध – समय का सदुपयोग द्वारा मनुष्य देवता बन जाता है।
शुद्ध – समय के सदुपयोग द्वारा मनुष्य देवता बन जाता है।
अशुद्ध – कारगिल युद्ध में सेना वीरता के साथ लड़े।
शुद्ध – कारगिल युद्ध में सेना वीरता के साथ लड़ी।
अशुद्ध – अरुणाचल प्रदेश में प्रातः काल के समय का दृश्य अत्यन्त मनोरम होता है।
शुद्ध – अरुणाचल प्रदेश में प्रातः काल का दृश्य अत्यन्त मनोरम होता है।
अशुद्ध – गांधी जी पक्के ईश्वर के भक्त थे।
शुद्ध – गांधी जी ईश्वर के पक्के भक्त थे।
अशुद्ध – अनेकों लोगों ने मुझे पकड़ लिया।
शुद्ध – अनेक लोगों ने मुझे पकड़ लिया।
अशुद्ध – वह डाकू दण्ड लेने योग्य है।
शुद्ध – वह डाकू दण्ड देने योग्य है।
अशुद्ध – वह लड़कियाँ कहाँ गयीं है।
शुद्ध – वे लड़कियाँ कहाँ गयी?
अशुद्ध – ये सुन्दर चित्र है।
शुद्ध – यह सुन्दर चित्र है।
अशुद्ध – यह सब लोग विरोध पक्ष के हैं।
शुद्ध – ये सब लोग विरोध पक्ष के हैं।
अशुद्ध – गांधीजी के निधन से देश में दुःख छा गया।
शुद्ध – गांधीजी के निधन से देश में शोक छा गया।
अशुद्ध – उसने मेरे को मारा।
शुद्ध – उसने मुझे मारा।
अशुद्ध – तुमने अपनी माता-पिता का अनादर किया।
शुद्ध – तुमने अपने माता-पिता का अनादर किया।
अशुद्ध – प्रत्येक छात्रों को उपस्थित रहना चाहिए।
शुद्ध – प्रत्येक छात्र को उपस्थित रहना चाहिए।
अशुद्ध – मैंने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास किया हूँ।
शुद्ध – मैंने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है।
अशुद्ध – उसने माना पर तुमने नहीं माने।
शुद्ध – उसने माना पर तुमने नहीं माना।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

अशुद्ध – सीता ने राधा को दही खिलायी।
शुद्ध – सीता ने राधा को दही खिलाया।
अशुद्ध – सीता के पेट में चूहे उछल-कूद मचा रही हैं।
शुद्ध – सीता के पेट में चूहे उछल-कूद मचा रहे हैं।
अशुद्ध – बात बनानी सबको नहीं आती।
शुद्ध – बात बनाना सबको नहीं आता।
अशुद्ध – उसने रोटी बनानी आरम्भ की।
शुद्ध – उसने रोटी बनाना आरम्भ किया।
अशुद्ध – राम ने चार किलो जलेबियाँ खरीदीं।
शुद्ध – राम ने चार किलो जलेबी खरीदी।
अशुद्ध – राम ने चार जलेबी खायीं।
शुद्ध – राम ने चार जलेबियाँ खायीं।
अशुद्ध – आज राष्ट्रों के बीच शत्रुताएँ हैं।
शुद्ध – आज राष्ट्रों के बीच शत्रुता है।
अशुद्ध – रोगी कमजोरियों के कारण उठ भी नहीं सकता।
शुद्ध – रोगी कमजोरी के कारण उठ भी नहीं सकता।
अशुद्ध – मेरे कान के परदे फटे जा रहे हैं।
शुद्ध – मेरे कानों के परदे फटे जा रहे हैं।
अशुद्ध – उसकी चतुराई देखकर हम लोग दाँत तले उंगलियाँ दबाने लगे।
शुद्ध – उसकी चतुराई देखकर हम लोग दाँतों तले उँगली दबाने लगे।
अशुद्ध – हे छात्रों, शांत रहो।
शुद्ध – हे छात्रों ! शांत रहो।
अशुद्ध – आप सभी कहाँ जा रहे हो?
शुद्ध – आप सभी कहाँ जा रहे हैं?
अशुद्ध – वो अभी क्या कर रहे हैं।
शुद्ध – वे अभी क्या कर रहे हैं?
अशुद्ध – राम ने सुग्रीव से कहा, "हम तुम्हारी सहायता करेंगे।"
शुद्ध – राम ने सुग्रीव से कहा, "मैं तुम्हारी सहायता करूँगा।"
अशुद्ध – मुझे एक मुट्ठी भर अनाज चाहिए।
शुद्ध – मुझे एक मुट्ठी अनाज चाहिए या मुझे मुट्ठी भर अनाज चाहिए।
अशुद्ध – राम ने नौकर से एक पेड़ को कटवाया।
शुद्ध – राम ने नौकर से एक पेड़ कटवाया।
अशुद्ध – चोरों को पकड़ा गया।
शुद्ध – चोर पकड़े गये।
अशुद्ध – राम ने सीता को कहा।
शुद्ध – राम ने सीता से कहा।
अशुद्ध – मेरे को अभी पढ़ना है।
शुद्ध – मुझे अभी पढ़ना है।
अशुद्ध – उसने एक तालाब को खुदवाया।
शुद्ध – उसने एक तालाब खुदवाया।
अशुद्ध – तेरे को कहाँ जाना है?
शुद्ध – तुझे कहाँ जाना है?
अशुद्ध – मैंने साड़ी को धुलवाया।
शुद्ध – मैंने साड़ी धुलवायी ।
अशुद्ध – यह इतिहासिक घटना है।
शुद्ध – यह ऐतिहासिक घटना है।
अशुद्ध – पुलिस ने रजनीचर को पकड़ा।
शुद्ध – पुलिस ने चोर को पकड़ा।
अशुद्ध – बम एक प्रकार का शस्त्र है।
शुद्ध – बम एक प्रकार का अस्त्र है।
अशुद्ध – आपकी आयु क्या है?
शुद्ध – आपकी अवस्था क्या है?
अशुद्ध – भेड़, बकरी और गायों का वध अनुचित है।
शुद्ध – भेड़ों, बकरियों और गायों का वध अनुचित है।
अशुद्ध – वृक्षों पर कौआ बोल रहा है।
शुद्ध – वृक्ष पर कौआ बोल रहा है।
अशुद्ध – विख्यात डाकू मानसिंह मारा गया।
शुद्ध – कुख्यात डाकू मानसिंह मारा गया।
अशुद्ध – मैंने भगवान का दर्शन किया।
शुद्ध – मैंने भगवान के दर्शन किये।
अशुद्ध – इधर आजकल मन्दी चल रही है।
शुद्ध – इधर मन्दी चल रही है या आजकल मन्दी चल रही है।
अशुद्ध – वह कब जावेगा।
शुद्ध – वह कब जायेगा।
अशुद्ध – सूर्य प्रतिदिन पश्चिम में डूब रहा है।
शुद्ध – सूर्य प्रतिदिन पश्चिम में डूबता है।
अशुद्ध – मैं उस भिखारी की कुछ मदद् कर लेता हूँ।
शुद्ध – मैं उस भिखारी की कुछ मदद कर देता हूँ।
अशुद्ध – मुझे उपरोक्त शर्तें स्वीकृत हैं।
शुद्ध – मुझे उपर्युक्त शर्तें स्वीकृत हैं।
अशुद्ध – तीर्थराज पुष्कर का बड़ा माहात्म है।
शुद्ध – तीर्थराज पुष्कर का बड़ा माहात्म्य है।
अशुद्ध – राम का स्वास्थ ठीक है।
शुद्ध – राम का स्वास्थ्य ठीक है।
अशुद्ध – बाग में अमरुद, आम, अनार, अंजीर के पेड़ हैं।
शुद्ध – बाग में अमरुद, आम, अनार, और अंजीर के पेड़ हैं।
अशुद्ध रूप – बुढ़िया चरखा कातती है।
शुद्ध रूप – बुढ़िया चरखा चलाती है।
अशुद्ध रूप – दुनियाँ ने शास्त्री जी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।
शुद्ध रूप – दुनियाँ ने शास्त्री जी की मुक्तकंठ प्रशंसा की।
अशुद्ध – पिस्तौल एक उपयोगी शस्त्र है।

Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

शुद्ध – पिस्तौल एक उपयोगी अस्त्र है।
अशुद्ध - ईश्वर के अनेकों रुप हैं।
शुद्ध – ईश्वर के अनेक रुप हैं।
अशुद्ध वाक्य – वह जा रहे हैं।
शुद्ध वाक्य – वह जा रहा है।
अशुद्ध वाक्य – दस रुपया में क्या आता है।
शुद्ध वाक्य – दस रुपयें में क्या मिलता है?
अशुद्ध वाक्य – हवन सामग्री जल गया।
शुद्ध वाक्य – हवन सामग्री जल गयी।
अशुद्ध वाक्य – लड़का जा रही है।
शुद्ध वाक्य – लड़का जा रहा है।
अशुद्ध वाक्य – मुझे बहुत आनन्द आती है।
शुद्ध वाक्य – मुझे बहुत आनन्द आता है।
अशुद्ध वाक्य – भारत का विकास देखकर पाकिस्तान की छाती पर साँप चलता है।
शुद्ध वाक्य – भारत का विकास देखकर पाकिस्तान की छाती पर साँप लोटता है।
अशुद्ध वाक्य – बिजली गरज रही है।
शुद्ध वाक्य – बिजली चमक रही है।
अशुद्ध वाक्य – यह भाग्यवान स्त्री है।
शुद्ध वाक्य – यह स्त्री भाग्यवती है।
अशुद्ध वाक्य – एक माँ की दृष्टि में उसका बालक ही सबसे सुन्दरतम होता है।
शुद्ध वाक्य – एक माँ की दृष्टि में उसका बालक ही सबसे सुन्दर होता है।
अशुद्ध वाक्य – चयन प्रक्रिया में जिसके अंग टूटे हों, उनको आरक्षण दिया जाता है।
शुद्ध वाक्य – चयन प्रक्रिया में दिव्यांगों को आरक्षण दिया जाता है।
अशुद्ध वाक्य – यह पत्र आपको सूचनार्थ निवेदित है।
शुद्ध वाक्य – यह पत्र आपको सूचनार्थ प्रेषित है।
अशुद्ध वाक्य – इलाहाबाद शहर शिक्षा-केन्द्र के रूप में जाना जाती है।
शुद्ध वाक्य –इलाहाबाद शहर शिक्षा-केन्द्र के रूप में जाना जाता है।
अशुद्ध वाक्य – भगतसिंह कथरी के लाल थे।
शुद्ध वाक्य – भगतसिंह गुदड़ी के लाल थे।
अशुद्ध वाक्य – आपके विवाह-समारोह में सम्मिलित न होने पर मैं बहुत शोकाकुल हूँ।
शुद्ध वाक्य – आपके विवाह-समारोह में सम्मिलित न होने पर मैं बहुत दुःखी हूँ।
अशुद्ध वाक्य – भावी परीक्षा में आप सम्मिलित हो रहे हैं?
शुद्ध वाक्य – आगामी परीक्षा में आप सम्मिलित हो रहे हैं?
अशुद्ध वाक्य – आपकी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।
शुद्ध वाक्य – आपकी आयुष्मती कन्या का विवाह होने जा रहा है।
अशुद्ध वाक्य – इस समय आपकी आयु चालीस वर्ष है।
शुद्ध वाक्य – इस समय आपकी अवस्था चालीस वर्ष है।
अशुद्ध – सामाजिक कुरीतियों का एक मात्र कारण अज्ञानता है।
शुद्ध – सामाजिक कुरीतियों का एकमात्र कारण अज्ञान है।
अशुद्ध – मैंने भगवद्गीता पढ़ा है।
शुद्ध – मैंने भगवद्गीता पढ़ी है।
अशुद्ध – कोयल का कण्ठ सबसे मधुरतम है।
शुद्ध – कोयल का कण्ठ सबसे मधुर है।
अशुद्ध – यह घी की शुद्ध दुकान है।
शुद्ध – यह शुद्ध घी की दुकान है।
अशुद्ध – उसे मरणोपरान्त बाद राष्ट्रीय सम्मान मिला।
शुद्ध – उसे मरणोपरान्त राष्ट्रीय सम्मान मिला।
अशुद्ध – इस समय मेरी आयु बीस वर्ष की है।
शुद्ध – इस समय मेरी अवस्था बीस वर्ष है।
अशुद्ध – उसने कहा मैं चार भाई हूँ।
शुद्ध – उसने कहा कि वह चार भाई है।
अथवा
शुद्ध – उसने कहा, "मैं चार भाई हूँ।"
अशुद्ध – देश की जितनी दुर्गति पहले कभी नहीं हुई।
शुद्ध – देश की इतनी दुर्गति पहले कभी नहीं हुई।
अशुद्ध – आपकी बातें बहुत मीठा है।
शुद्ध – आपकी बातें बहुत मीठी हैं।
अशुद्ध – उसने अनेकों ग्रन्थ लिख डाला।
शुद्ध – उसने अनेक ग्रन्थों की रचना की।
अशुद्ध – हम नयी प्रकार की वस्तु देखना चाहा।
शुद्ध – हमने नयी प्रकार की वस्तु देखनी चाही।
अशुद्ध – गलियों को चौड़ी करना आवश्यक हो गयी।
शुद्ध – गलियों को चौड़ी करना आवश्यक हो गया।
अशुद्ध– कई सौ बरस तक भारतमाता के गले में बेड़ियाँ पड़ी रही।
शुद्ध – कई सौ वर्षों तक भारतमाता के पैरों में बेड़ियाँ पड़ी रहीं।

GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

**Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें**

**हमें FOLLOW करें**

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

## यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

